THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

# द अनकवर्ड अपडेट

कवर के पीछे की खबर | Digital Edition | RJHIN/25/A4779

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 24 नवंबर, 2026 | » वर्ष: 01 » अंक: 30 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रू.

एक नजर



## विदेशों में भारत को बदनाम करने का ठेका ले रखा है, रविशंकर प्रसाद का राहुल गांधी पर तंज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद और वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विदेशी दौरे के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने का ठेका लिया है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने लोवी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश यात्रा पर हैं और देश के बारे में भारी अज्ञानता दिखा रहे हैं।




## समुद्र में बढ़ेगी भारत की ताकत, नौसेना को मिला पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आशंक'

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत में एक और स्वदेशी युद्धपोत जुड़ने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने सोमवार को पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आशंक' नौसेना को सौंप दिया। यह जीआरएसई का बनाया 120वां युद्धपोत है। खास बात यह है कि जीआरएसई ने महज 18 दिन के भीतर अपना दूसरा युद्धपोत नौसेना को सौंपा है। इससे पहले 5 नवंबर को 'अमिनी' युद्धपोत की आपूर्ति की गई थी। 'आशंक' को पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी रियर एडमिरल गौतम मरवाहा की मौजूदगी में नौसेना को सुपुर्द किया।



## कोर्ट ने मानहानि के मामले में यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जारी किया गैर-जमानती वारंट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला आठ साल पुराने आपराधिक मानहानि केस से जुड़ा है, जिसे विकास सांकृत्यायन (उर्फ विकास पांडे) ने भाजपा आईटी सेल पार्ट 2 शीर्षक वाले एक वीडियो को लेकर दायर किया था। साकेत कोर्ट ने ध्रुव राठी के अदालत में पेश न होने पर वारंट जारी किया है। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कार्यवाही के दौरान उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने में बार-बार मुश्किलें आ रही थीं।

अयोध्या-जनकपुर के बीच सीधी ट्रेन सरयू-कमला एक्सप्रेस शुरू:मोदी-बालेन ने हरी झंडी दिखाई

# नेपाल के बिना हमारे धाम और राम अधूरे:मोदी

## 15 हजार करोड़ रुपये की मदद दी; बालेन बोले- भारत से रिश्ते हिमालय की तरह मजबूत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नेपाल के साथ रिश्तों को और मजबूत करने के लिए 15 हजार करोड़ भारतीय रुपए की मदद का ऐलान किया। बालेन शाह के भारत के पहले द्विपक्षीय दौरे को दोनों देशों की गहरी दोस्ती का प्रतीक बताते हुए मोदी ने साझा इतिहास, संस्कृति और आस्था का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम और माता सीता भारत-नेपाल की साझा सभ्यता के प्रतीक हैं। 2018 में जनकपुर यात्रा को याद करते हुए मोदी ने कहा कि नेपाल के बिना हमारे धाम अधूरे हैं और नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के रिश्ते हिमालय की तरह मजबूत और समुद्र की तरह विशाल हैं। दोनों देशों के लोग एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।





### पीएम मोदी-बालेन शाह ने सरयू कमला एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

प्रधानमंत्री मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने हरी झंडी दिखाकर सरयू कमला एक्सप्रेस को रवाना किया। इससे पहले दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच सड़क, रेल और बिजली से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कुछ नई परियोजनाओं की शुरुआत के लिए नींव रखी।



### मोदी बोले- नेपाल के बिना हमारा धाम भी अधूरा है

मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सिर्फ पड़ोसी देशों का रिश्ता नहीं है, बल्कि दोनों का इतिहास, संस्कृति और परंपराएं भी एक-दूसरे से जुड़ी हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच सदियों पुराने रिश्ते हैं। उन्होंने 2018 में अपनी जनकपुर यात्रा को याद करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का संबंध भगवान राम और माता सीता से भी जुड़ा है। जनकपुर को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है, जबकि अयोध्या भगवान राम की नगरी है। दोनों जगहों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। इसी रिश्ते का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, नेपाल के बिना हमारा धाम भी अधूरा है।




### भारत-नेपाल के बीच 200 कि.मी का चक्कर खत्म

भारत और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों के लोगों को अब करीब 200 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी और बालेन शाह ने दिल्ली से बटन दबाकर काली नदी पर बने छारछुम अंतरराष्ट्रीय मैत्री मोटर पुल का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह पुल उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला को नेपाल के दार्चुला से जोड़ेगा। इससे दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों के लोगों की आवाजाही आसान होगी। अब तक लोगों को एक-दूसरे के यहां जाने के लिए करीब 200 किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता था।

## एसीबी जांच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आईएएस शिखर अग्रवाल



जयपुर। एक कंपनी से 64 विला-कॉटेज खरीदने के मामले में APO चल रहे IAS शिखर अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में शिखर अग्रवाल की ओर से एसीबी जांच, गिरफ्तारी और किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तारीख तय होना बाकी है। हालांकि इसी सप्ताह सुनवाई की संभावना है। इससे पहले शिखर अग्रवाल ने ACB जांच के खिलाफ हाईकोर्ट याचिका दायर की थी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली थी। शिखर अग्रवाल की तरफ से दायर याचिका में गलत तरीके से फंसाने का तर्क दिया गया है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में जो तर्क पेश किए गए थे, वही तर्क सुप्रीम कोर्ट की याचिका में शामिल किए गए हैं।

## मरीज की बीमारी, जांच रिपोर्ट का रिकॉर्ड एक क्लिक पर

**एसएमएस हॉस्पिटल में आभा रजिस्ट्रेशन सेंटर में अब तक 32 लाख मरीजों का डेटा ऑनलाइन**




जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों का डेटा अब आभा पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है। इससे भविष्य में मरीज अगर कभी दोबारा किसी दूसरी बीमारी का इलाज करवाने यहां आता है तो उसे पुरानी बीमारी का रिकॉर्ड साथ लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉक्टर एक क्लिक पर उस मरीज की पुरानी बीमारी की हिस्ट्री देख सकेंगे। एसएमएस हॉस्पिटल प्रशासन से मिली रिपोर्ट के मुताबिक- पिछले डेढ़ साल में यहां भर्ती 2.50 लाख से ज्यादा मरीज भर्ती हुए हैं, जिनमें से 1.59 लाख से ज्यादा मरीजों का पूरा डेटा ऑनलाइन किया गया है। किस मरीज को क्या बीमारी थी। उसका क्या ट्रीटमेंट दिया गया।क्या जांचें की गई। ऐसी सभी रिपोर्ट ऑनलाइन आभा पोर्टल पर अपलोड की गई हैं। इसी तरह एसएमएस हॉस्पिटल में अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2026 तक ओपीडी में कुल 40 लाख 13 हजार मरीज आए।

पंचायतीराज चुनाव की रिपोलिंग में भी भाजपा को झटका

# 28 में से 20 वार्डों पर कांग्रेस का कब्जा



जिला परिषद के 62 प्रतिशत से अधिक और पंचायत समिति के 50 प्रतिशत से ज्यादा वार्ड कांग्रेस की झोली में तीनों जिला परिषदों की सभी 6 सीटों पर कांग्रेस ने लहराया परचम

## पंचायत समितियों के 22 में से 14 वार्ड जीते; भाजपा महज 5 सीटों पर सिमटी

**हार पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का बड़ा बयान, बोले- जनता हमसे नाराज है, काम की कमियों को सुधार कर हो सख्त कार्रवाई**

जयपुर। राजस्थान में पंचायतीराज चुनावों के बाद रविवार (22 नवंबर 2026) को हुई रिपोलिंग (पुनर्मतदान) के नतीजों में भी भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। जिला परिषदों और पंचायत समितियों के कुल 28 वार्डों में हुए पुनर्मतदान के घोषित परिणामों में कांग्रेस ने एकतरफा बढ़त बनाते हुए 20 वार्डों पर जीत दर्ज की है, जबकि सत्ताधारी भाजपा महज 5 वार्डों पर सिमट गई। इसके अलावा 2 वार्डों पर निर्दलीय और 1 वार्ड पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी विजयी रहे। रिपोलिंग के नतीजे आने के साथ ही अब प्रदेश की सभी 37 जिला परिषदों के सभी 1,275 वार्डों और 419 पंचायत समितियों के 7,543 में से 7,542 वार्डों की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। जिला परिषदों की सभी 6 सीटों पर कांग्रेस का क्लीन स्वीप, कुल आंकड़ों में भी भारी बढ़ततीन जिला परिषदों के पुनर्मतदान का पूरा गणित- रिपोलिंग में तीन जिला परिषदों के कुल 6 वार्डों पर मतदान हुआ था।

## प्रदेशभर के कुल नतीजों में कांग्रेस का दबदबा

पूरे प्रदेश के अंतिम चुनावी आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला परिषदों के 62 प्रतिशत से अधिक और पंचायत समितियों के 50 प्रतिशत से ज्यादा वार्डों पर अकेले कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसके मुकाबले भाजपा को जिला परिषदों के केवल 28.16 प्रतिशत और पंचायत समितियों के 29.41 प्रतिशत वार्डों में ही संतोष करना पड़ा है।

पंचायत समितियों के 22 वार्डों में 14 पर कांग्रेस और 5 पर भाजपा की जीत; जानें कहां कौन जीता19 पंचायत समितियों के रिपोलिंग नतीजों का लेखा-जोखा- पुनर्मतदान के तहत 19 पंचायत समितियों के 22 वार्डों में से 14 पर कांग्रेस, 5 पर भाजपा, 1 पर बसपा और 2 पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। क्षेत्रवार नतीजों में धौलपुर की राजाखेड़ा पंचायत समिति के वार्ड 6 और वार्ड 17 दोनों पर कांग्रेस जीती। जोधपुर की बालेसर पंचायत समिति के वार्ड 3 में कांग्रेस और वार्ड 10 में भाजपा ने जीत दर्ज की। सवाईमाधोपुर जिले की खंडार के वार्ड 15, बौंली के वार्ड 7 और बामनवास के वार्ड 9 में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी रहे।

**जैसलमेर, फलोदी, बूंदी और कोटपूतली-बहरोड़ का परिणाम:** जैसलमेर की मोहनगढ़ पंचायत समिति के वार्ड 10 और फलोदी जिले की घटियाली के वार्ड 1 में भाजपा को जीत मिली।

## आमेर महल के दीवाने आम में सजी जयपुर की विरासत, फोटो व पेंटिंग प्रदर्शनी का शुभारंभ

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर स्थापना दिवस और शहर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग की सहभागिता से आयोजित जयपुर हेरिटेज फोटो व पेंटिंग एग्जीबिशन के पांचवें सीजन का सोमवार को आमेर महल के दीवाने आम में भव्य शुभारंभ हुआ।

प्रदर्शनी का उद्घाटन पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेन्द्र, आमेर महल अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक, जयपुर व्रत अधीक्षक नीरज त्रिपाठी और महेश शर्मा ने किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित फोटोग्राफ्स और पेंटिंग्स का अवलोकन किया तथा कलाकारों की कला और रचनात्मकता की सराहना की।

## युवा कारोबारियों की IPL स्टाइल नीलामी, 2.80 करोड़ की बोली

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में कारोबार और क्रिकेट का अनोखा संगम देखने को मिला। यहां BNI जयपुर स्पोर्ट्स लीग के ऑक्शन में युवा उद्यमियों की खिलाड़ियों की तरह नीलामी हुई। IPL की तर्ज पर फ्रेंचाइजी ने अपनी-अपनी टीमों के लिए बोली लगाई। इस दौरान युवा कारोबारियों पर करोड़ों की बोलियां लगने से ऑक्शन चर्चा का केंद्र रहा।

### पीएम मोदी 2029 में फिर नजर आएंगे, राहुल गांधी सपने देखते रहें: नितिन नवीन



नई दिल्ली । नितिन नवीन ने रविवार को तेलंगाना के करीमनगर में आयोजित सेव डेमोक्रेसी, रिमूव एनार्की महा पदयात्रा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे, 2029 में लाल किले की प्राचीर से फिर नजर आएंगे। राहुल गांधी सपने देखते रहिए, देश का युवा, किसान, महिला, मजदूर और हर वर्ग का व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है।

झोटवाड़ा थाना क्षेत्र

## जयपुर में दिनदहाड़े फ्लैट से एप्पल के दो आईपैड चोरी

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के झोटवाड़ा थाना इलाके में दिनदहाड़े एक फ्लैट से दो एप्पल आईपैड चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ा। उसके कब्जे से चोरी किए गए दोनों आईपैड भी बरामद कर लिए गए हैं। वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रईद अली पुत्र राहत अली (35), निवासी प्लॉट नंबर 54-56, उदयनगर, झोटवाड़ा के रूप में हुई है। परिवादी गजराज सिंह गुर्जर ने 18 नवंबर को झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि 17 नवंबर को दिन के समय उनके फ्लैट से एप्पल के दो आईपैड चोरी हो गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

बीजेपी सरकार की तुलना | अशोक गहलोत ने वसुंधरा राजे सरकार और मौजूदा बीजेपी सरकार तुलना की

# गहलोत बोले- वसुंधरा राजे ने दबंगता से राज किया

**उनकी बैठकों में ब्यूरोक्रेट बीमार पड़ जाते थे; राजे-भजनलाल के राज में दिन-रात का फर्क**

जयपुर(नि.सं.)। मेरे वसुंधरा राजे से बहुत मतभेद रहे थे। हमारी तो पहले कार्यकाल में पांच साल तक बोलचाल ही नहीं रही थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके और इनके (भजनलाल शर्मा) तरीके में दिन-रात का फर्क है। वे केंद्रीय मंत्री भी रही थीं। उन्होंने उन अनुभवों का यहां पर लाभ लिया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने वसुंधरा राजे सरकार और मौजूदा बीजेपी सरकार की तुलना करते हुए कहा। गहलोत सोमवार सुबह अपने जयपुर आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- वसुंधरा राजे ने दबंगता से सरकार चलाई, ब्यूरोक्रेसी को कंट्रोल में रखा बल्कि ज्यादा ही कंट्रोल में रखा। कई ब्यूरोक्रेट तो उनकी मीटिंग्स में बीमार पड़ जाते थे, ऐसे भी किस्से हुए हैं।

उन्होंने अपने तरीके से राज किया और जमकर किया। उन्होंने हमारे खिलाफ कैंपेन भी किए, चुनाव जीते भी और सरकार भी चलाई। पंचायत चुनाव में बीजेपी की बुरी तरह हार का कारण है कि लोग हमारी पिछली सरकार की स्कीम को ज्यादा याद करने लग गए, पूर्व सीएम ने कहा।




**आज भी भजनलाल शर्मा के प्रति मेरी कोई शिकायत नहीं**

गहलोत ने कहा- वे हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। गवर्नर और मुख्यमंत्री का हमेशा सम्मान करना चाहिए, यह हमने सीखा है। मैंने अभी दीपावली पर उनको शुभकामनाएं दी। बर्थडे, दीपावली, होली के मौकों पर हमारे सामाजिक संबंध बने रहने चाहिए।

निवेश समिट, प्रवासी समिट से कुछ नहीं होता, उससे कोई निवेश नहीं आता

गहलोत ने कहा- सरकार नाम की चीज नहीं है, ब्यूरोक्रेसी कह रही है, ब्यूरोक्रेसी से ज्यादा उनकी पार्टी के लोग कह रहे हैं। जनता कह रही है कि हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। हमारे काम नहीं हो रहे, गवर्नेंस नाम की चीज नहीं है।

## जयपुर में चलते लोडिंग टेम्पो में आग लगी

**धुआं देखकर चालक ने रोका टेम्पो; बड़ा हादसा टला**

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के हरमाड़ा थाना इलाके में चलते लोडिंग टेम्पो में अचानक आग लग गई। टेम्पो 200 फीट बाइपास से 14 नंबर रोड की तरफ जा रहा था। आग सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे लगी। लोहामंडी कट के पास पहुंचते ही टेम्पो से अचानक धुआं उठने लगा। शुरुआत में चालक बलवीर तोमर को लगा कि साइलेंसर से धुआं निकल रहा है।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

# जयपुर अपडेट

गुलाबी शहर की हर खबर

| Digital Edition | RJHIN/25/A4779

मंगलवार, 24 नवंबर, 2026

## आग लगने से कडबी व ईधन जलकर स्वाहा

### नगर पालिका दमकल की सहायता से पाया आग पर काबू



द अनकवर्ड अपडेट

**नदबई।** नदबई क्षेत्र के गांव बरवारा में सोमवार को अज्ञात कारण आग लगने से ईधन व कडबी जलकर स्वाहा हो गई। इससे पहले ग्रामीणों ने निजी डीपबोर से आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू तो पाया गया। लेकिन, खेत में रखी कीब 2 बीघा जमीन की कडबी सहित अन्य ईधन जलकर बर्बाद हो गया। सूत्रों के अनुसार बरवारा निवासी रामकिशन मीणा के खेत में रखे ईधन व कडबी में अज्ञात कारण आग लग गई। जिसके चलते ईधन व कडबी जलकर स्वाहा हो गई। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

### मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने एचसीएम रीपा में 'स्मृति व्याख्यान श्रृंखला' का किया उद्घाटन

## विकसित राजस्थान @ 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में सुशासन मॉडल की अहम भूमिकाः मुख्य सचिव

### प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही, तकनीक और नवाचार अपनाने पर दिया जोर






जयपुर(नि.सं.)। प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत विजन 2047' के अनुरूप 'विकसित राजस्थान @2047' के लक्ष्य को साकार करने में राजस्थान का सुशासन मॉडल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन के साथ तकनीक आधारित नवाचारों के माध्यम से अंतिम छोर तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित कर रही है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने राजस्थान सरकार के प्रशिक्षण विभाग एचसीएम रीपा के 70 वर्ष की उत्कृष्टता के गौरवशाली अवसर पर भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित स्मृति व्याख्यान श्रृंखला के उद्घाटन संबोधन में अधिकारियों को संवेदनशीलता, जवाबदेही, त्वरित निर्णय क्षमता एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने 'प्रभावी और जवाबदेह शासन के लिए प्रशासनिक सुधार' विषय पर प्रशासनिक अधिकारियों को सुशासन की कार्यप्रणाली और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि अमृतकाल भारत के रूपांतरण का महत्वपूर्ण कालखंड है। स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में विकसित राजस्थान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'पंच प्रण' तथा 'न्यूनतम सरकार-अधिकतम शासन' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि सुशासन के लिए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जवाबदेही अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नीति, वित्त एवं शासन, आधारभूत संरचना एवं संवहनीयता, विकास एवं रोजगार सृजन तथा समाज एवं जनकल्याण को सशक्त बनाने के चार-सूत्रीय दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। श्री श्रीनिवास ने अधिकारियों से कार्य संस्कृति में तकनीक एवं नवाचार को अपनाने, फाइलों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी समाप्त करने तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 एवं राज-संपर्क 2.0, राज-उन्नति परियोजना निगरानी प्रणाली, सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेक्रेटरीज (एसजीओएस), ई-मित्र, जन आधार एवं एसएसओ जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-अनुकूल बन रही है।

### मुख्य सचिव ने ली बैठक

## 8 से 10 दिसंबर तक शेखावाटी हेरिटेज, सांस्कृतिक संध्या और प्रवासी राजस्थानी दिवस के होंगे विशेष आयोजन



जयपुर(नि.सं.)। प्रवासी राजस्थानी दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशेष आयोजनों की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को शासन सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इनके सुव्यवस्थित आयोजन तथा राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। तीन दिवसीय आयोजनों में शेखावाटी हेरिटेज, सांस्कृतिक संध्या और प्रवासी राजस्थानी दिवस प्रमुख आकर्षण होंगे। यह कार्यक्रम भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। इन आयोजनों के माध्यम से राजस्थान को वैश्विक निवेश, औद्योगिक साझेदारी, पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय संपर्क के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के प्रयासों को नई गति मिलेगी। तीन दिवसीय आयोजनों की शुरुआत 8 दिसंबर को झुंझुनूं जिले के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में आयोजित होने वाले शेखावाटी हेरिटेज कार्यक्रम से होगी। इसके माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों, विशिष्ट स्थापत्य कला, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन की अपार संभावनाओं को वैश्विक पहचान दिलाने पर विशेष जोर रहेगा। यह पहल क्षेत्र की विरासत को पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। इसी क्रम में 9 दिसंबर को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वाड़वंदी में फंसे निर्वाचित सदस्य... सिर्फ 8 सदस्यों ने लिया प्रमाण-पत्र

### नदबई पंचायत समिति में 27 वार्ड पर नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य

द अनकवर्ड अपडेट

**नदबई।** पंचायतीराज चुनाव में पंचायत समिति सदस्य का परिणाम जारी होने के बावजूद तीन दिन बाद भी प्रधान पद की वाड़वंदी में फंसने के चलते सिर्फ 8 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य ही प्रमाण पत्र लेते हुए पद की शपथ ले सके। हालांकि, प्रधान पद के मतदान से पहले तक नवनिर्वाचित सदस्य शपथ ले सकता। लेकिन, सोमवार को सात सदस्यों को शपथ लेने के बाद बाडवंदी में शामिल 19 सदस्यों से प्रधान पद दावेदारी भी खुलकर सामने आ गई।

नदबई पंचायत समिति के 27 वॉर्ड में से 19 वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदवा रहा। लेकिन, भाजपा सिम्बल पर विजेता निर्वतमान प्रधान मुन्नीदेवी व उपप्रधान भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में वाडबंदी देख, नदबई पंचायत समिति में भाजपा का निर्विरोध बोर्ड बनना तय माना जा रहा। गौरतलब है कि, पंचायत समिति सदस्य के चुनाव परिणाम में भाजपा के 6 व कांग्रेस के दो प्रत्याशी सहित 19

वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी विजेता रहे। कांग्रेस की ओर से वाडवंदी नही होने से चुनाव में जीते दो प्रत्याशी भाजपा बाडवंदी में शामिल हो गए। ऐसे में नदबई में भाजपा का बोर्ड तय माना जा रहा। हालांकि, भाजपा की ओर से प्रधान पद प्रत्याशी को लेकर अभी भी सिर्फ अटकले लग रही।

## राज्यपाल बागडे से मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से सोमवार को मुख्य सचिव श्री वी.श्रीनिवास ने लोकभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



## डोटासरा बोले-चाहे गोलियां चल जाए, भरतपुर में कांग्रेस का जिला-प्रमुख बनेगा

### 60-60 लाख में जिला परिषद मेंबर्स खरीद रही बीजेपी; 3 सदस्यों को उठा लिया

द अनकवर्ड अपडेट




**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जिला प्रमुख चुनाव में बीजेपी पर हॉर्स ट्रेडिंग, कांग्रेस सदस्यों को डराने-धमकाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। डोटासरा ने कहा- पंचायत चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद बीजेपी अब कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों को खरीदने और डराने-धमकाने की कोशिश कर रही है। भरतपुर में कांग्रेस के 21 जिला परिषद सदस्य जीते हैं, उनमें से 3 सदस्यों को बीजेपी ने उठा लिया। डोटासरा ने कहा- 60-60 लाख में जिला परिषद मेंबर्स खरीदे जा रहे हैं। चाहे गोलियां चल जाए, भरतपुर में कांग्रेस का जिला प्रमुख बनेगा। कांग्रेस के 18 जिला परिषद मेंबर्स का ईमान नहीं खरीद सकते।

### जिंदा रहा तो गुंडागर्दी करने वाले अफसरों को सब?क सिखाऊंगा

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- भरतपुर में कांग्रेस का बहुमत है। इसके बावजूद ये सरकार की नाक बचाने के लिए पुलिस से गुंडागर्दी करवा रहे हैं। जो अफसर गुंडागर्दी में साथ दे रहे हैं, मैं जिंदा रहा तो इन अफसरों को ऐसी जगह लगाऊंगा कि याद रखेंगे।

### सुप्रीम-कोर्ट बोला-सरकारों ने वोट के लिए अवैध-निर्माण को बढ़ावा दिया

# आज मकान, कल दुकान या होटल कैसे?; जयपुर के कोचिंग सेंटर्स को राहत देने से इनकार

द अनकवर्ड अपडेट

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर के गोपालपुरा बाइपास पर चल रहे कोचिंग सेंटर्स को सील करने की कार्रवाई से राहत देने से इनकार कर दिया। जेडीए की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट या जेडीए ट्रिब्यूनल में कोचिंग सेंटर्स को जाने की छूट देते हुए उनके प्रार्थना पत्रों का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने कोचिंग सेंटर्स को सीलिंग मामले में कोई भी राहत नहीं दी।

कोर्ट ने कहा कि एजेंसी कानून के अनुसार काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माणों को लेकर तल्ख टिप्पणियां भी की। कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर यह कैसे संभव है कि आज कोई बिल्डिंग आवासीय मकान है। अगले दिन होटल बन जाता है। इसके बाद वहां दूसरी कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित होने लगती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा- अवैध निर्माणों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जिम्मेदारी, इसके लिए बनी एजेंसियों की होती है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरथना और जस्टिस संजीव सचदेव की बेंच लोगनाथन मामले में सोमवार को सुनवाई कर रही थी।



सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के संबंधित नगर निगम को अदालती आदेश की पालना में की गई कार्रवाई की पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

### प्रताप नगर में कोचिंग हब खाली

सीनियर एडवोकेट राजदीपक रस्तोगी, सार्थक रस्तोगी और देवेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान तर्क दिया कि जेडीए कमिश्नर ने 10, 15 सितंबर और 15 नवंबर को शपथ पत्र पर गोपालपुरा बाइपास पर अवैध रूप से चल रहे 134 कोचिंग सेंटर्स को नोटिस देने, 57 कोचिंग सेंटर्स को सील करने और जल्द बचे हुए कोचिंग के खिलाफ भी एक्शन करना बताया था।

इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रस्तोगी ने तर्क दिया कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 350 करोड़ रुपए की लागत से प्रताप नगर में कोचिंग हब बनाया है, लेकिन यह अब तक खाली है।

### वोट के लिए देते हैं अवैध निर्माण को शह

कोर्ट ने कहा- राज्य सरकारें चुनाव के दौरान अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए योजनाएं लाती हैं। अवैध निर्माण को वैध करने के वादे होते हैं और यह चिंता का विषय है। वहीं ऐसी योजनाओं से भवन निर्माण और भूमि उपयोग से जुड़े सभी नियमों का पालन करने वाले लोगों के हित प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों को जब फायदा मिलता है तो कानून का पालन करने वाले नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- अवैध व्यावसायिक इस्तेमाल अब देशव्यापी चिंता का विषय

कोर्ट ने देशभर के आवासीय क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे अवैध निर्माण, भू-उपयोग परिवर्तन और नियमों के खिलाफ हो रही कॉमर्शियल गतिविधियों से आवासीय क्षेत्रों के बिगड़ते स्वरूप और अनाधिकृत निर्माणों पर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने आवासीय भवनों के लगातार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बदलने की स्थिति पर नाराजगी जताई। आवासीय क्षेत्रों का अवैध व्यावसायिक इस्तेमाल अब किसी एक शहर या प्रदेश की समस्या नहीं, बल्कि देशव्यापी चिंता का विषय बन चुका है।

### हाईकोर्ट में हो सुनवाई, अफसरों की जवाबदेही तय करें

कोर्ट ने कहा- अवैध निर्माण और आवासीय भूमि के व्यावसायिक इस्तेमाल जैसे विषयों की सुनवाई राज्यों के हाईकोर्ट में भी होनी चाहिए। यह समस्या अब एक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़ी परेशानी का सबब बनती जा रही है।

## बाल-बाल बचे सांसद पप्पू यादव, गड्ढे में गिरी कार



पटना, एजेंसी। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव के काफिले की एक कार कटिहार में सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में सांसद पप्पू यादव बाल-बाल बच गए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब पप्पू यादव कटिहार के सालमारी में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, कटिहार के कदवा थाना अंतर्गत कुम्हरी पेट्रोल पंप के पास उनके काफिले के साथ सुरक्षा में चल रही पुलिस की गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी सड़क से नीचे उतर गई। इस घटना में काफिले में मौजूद एक पुलिस कर्मी को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद सांसद पप्पू यादव ने कुम्हरी से ही पूर्णिया के लिए वापस लौटना उचित समझा और अपना निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कदवा थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सड़क से नीचे उतरी दुर्घटनाग्रस्त पुलिस वाहन को बाहर निकालने की कार्रवाई की।

## सीएम विजय की अपने सहयोगी दलों के विधायकों के साथ अहम बैठक

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय सोमवार को सहयोगी दलों के विधायकों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक सीएम विजय ग्रीनवेज रोड स्थित अपने आधिकारिक आवास पर भेंट करेंगे, जहां उनका कार्यालय भी है और वे अक्सर अहम बैठकें करते हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री गठबंधन में शामिल विधायकों के साथ परामर्श करेंगे। यह बैठक दोपहर 2 बजे होगी, जिसमें राज्य सरकार का समर्थन करने वाले गैर-टीवीके विधायक शामिल हो सकते हैं। इनमें कांग्रेस, वीसीके, एमडीएमके, आईयूएमएल और वाम दलों के विधायक शामिल हैं। बता दें इससे पहले 1 जुलाई और 9 सितंबर को सीएम विजय की तरफ से बुलाई गई परामर्श बैठकों में वाम दलों सीपीआई और सीपीआई(एम) ने हिस्सा नहीं लिया था।

## नोएडा सेक्टर-6 में प्लास्टिक सामान बनाने की कंपनी में भीषण आग

- आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया, कोई जनहानि नहीं

नोएडा, एजेंसी। नोएडा के सेक्टर-6 स्थित एक कंपनी में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग इसकी चपेट में आ गई। कंपनी में प्लास्टिक से सजावटी सामान बनाने का काम होता है। प्लास्टिक से बने उत्पाद और अन्य सामग्री मौजूद होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 में स्थित निजी कंपनी में देर रात आग लग गई। शुरुआत में कंपनी के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। कुछ ही देर में आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग को तत्काल सूचना दी गई। पूरी बिल्डिंग में आग फैलने के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों ने कई घंटों तक अभियान चलाकर आग पर काबू पाया। इस दौरान बिल्डिंग के अंदर मौजूद गर्म हिस्सों और आग से प्रभावित स्थानों पर पानी डालकर उन्हें ठंडा किया गया ताकि अंदर सुलग रही आग दोबारा न भड़क सके। इस घटना में राहत की बात यह रही कि अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि आग की चपेट में आने से कंपनी की बिल्डिंग और उसमें रखे सामान को कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जाना बाकी है। देर रात हुई इस घटना के बाद आसपास के इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। फिलहाल दमकल विभाग की टीम मौके पर कूलिंग की कार्रवाई में जुटी हैं।

# मोदी और शाह की जोड़ी कोई साजिश रच रही या फिर झूठ के जाल में फंस गए

### -संसद सत्र और परिसीमन को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने किया दावा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** संसद सत्र और परिसीमन को लेकर बने सस्पेंस के बीच कांग्रेस ने दावा किया है कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी या तो कोई खतरनाक साजिश रच रही है, या फिर वे अपने ही बुने झूठ और दिखावे के जाल में फंस गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को एक्स पर लिखा- पीएम मोदी और अमित शाह की जोड़ी क्या खेल खेल रही है, अगर मान लें कि यह जोड़ी अभी भी साथ है? उन्होंने कहा कि यदि मान लें कि शीतकालीन सत्र होने वाला है तो अब तक देश को पता चल जाना चाहिए था कि संसद का शीतकालीन सत्र कब होगा। यदि मान लें कि इसे फिर से बुलाया जाने वाला है, तो अब तक देश को पता चल जाना चाहिए था कि मानसून सत्र को कब फिर से बुलाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में किसी तरह दो-तिहाई बहुमत जुटाने की इस जोड़ी की हताश कोशिशों को देखते हुए, देश को यह जानने का हक है कि परिसीमन को लेकर पीएम मोदी और अमित शाह का फॉर्मूला क्या है। जयराम रमेश ने कहा क्थ् यह लगातार बना हुआ सस्पेंस साफ तौर पर दो बातें बताता है- पहला यह जोड़ी खुद उलझन में है और अपने ही बुने झूठ और दिखावे के जाल में फंस गई है, या दूसरा- कोई बहुत खतरनाक साजिश रची जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि जो भी हो जीटीए यानी ज्ञानेश-थेफ्ट-अरेंजर्स की यह जोड़ी पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। दुख की बात है कि संसद जैसी संस्था, जो पहले से ही काफी कमजोर हो चुकी है, इस खतरनाक जोड़ी की हरकतों की वजह से और भी ज्यादा कमजोर होती जा रही है। इससे पहले, साल 2025 में 5 नवंबर को तत्कालीन संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर को समाप्त होगा। हालांकि, मौजूदा स्थिति में सत्र को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## सूखे से निपटने को तैयार महाराष्ट्रः सुनेत्रा पवार ने बताए उपाय



मुंबई , एजेंसी। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने घोषणा की कि राज्य सरकार सूखे की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि प्रभावित 310 तालुकाओं में पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रभावी जल प्रबंधन और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के मौके पैदा करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पुणे के बालेवाडी स्थित शिव छत्रपति खेल परिसर के दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने कहा कि महायुति सरकार ने किसानों की मदद के लिए जल प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की है।

उन्होंने बताया कि किसानों को बड़े पैमाने पर चारे की फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए उन्हें आवश्यक बीज भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, नहरों और बांधों के आसपास रहने वाले किसानों से भी चारे की खेती करने का आग्रह किया गया है। महायुति सरकार इन किसानों से चारा खरीदेगी, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय होगी। रोजगार सृजन के संबंध में, डिप्टी सीएम पवार ने बताया कि महायुति सरकार ने रोजगार गारंटी योजना के तहत गर्मियों में विभिन्न कार्य कराने का प्रस्ताव रखा है, ताकि अधिक लोगों को काम मिल सके और उनकी आजीविका चलाने में मदद हो सके।

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के कुल 358 तालुकाओं में से 310 को सूखाग्रस्त घोषित किया है। केंद्र से सहायता, विशेष रूप से किसानों को पांच-पांच हजार रुपये की अग्रिम राहत के संबंध में अपेक्षित समयसीमा के सवाल पर, उपमुख्यमंत्री ने कोई निश्चित जानकारी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने दृढ़ता से कहा कि राज्य सरकार अपनी ओर से सूखे की इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सज्ज है और सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## बीजेपी ने यूपी मिशन-2027 के लिए 403 विधानसभा सीटों पर चुनावी घेराबंदी की शुरू

- अगले महीने यूपी का दौर कर सकते हैं शाह, सियासी समीकरण साधने पर रहेगा जोर

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अगले महीने से अमित शाह का उत्तर प्रदेश दौरा संभावित है। इस दौरान उनका फोकस संगठन को मजबूत करने, कमजोर सीटों पर पार्टी की स्थिति सुधारने और प्रदेश के सियासी समीकरण साधने पर रहेगा। माना जा रहा है कि शाह अपने दौरे के जरिए यूपी में बीजेपी के चुनावी अभियान की कमान संभालेंगे। गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे में इन सभी तैयारियों की समीक्षा के साथ चुनावी रोडमैप को अंतिम रूप देने पर जोर रह सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी कमजोर सीटों पर अपनी स्थिति मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और बूथ स्तर तक संगठन को धार देने की रणनीति पर काम कर रही है। बीजेपी आने वाले दिनों में संगठन से लेकर जनसंपर्क तक अभियान और तेज कर सकती है। इसके साथ ही बीजेपी ने मिशन-2027 के लिए प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनावी घेराबंदी शुरू कर दी है। इसके तहत पार्टी ने 40 पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी है। हर दो जिलों के बीच एक पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। ये पर्यवेक्षक गांव-गांव जाकर चौपाल लगाएंगे और केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके साथ ही जनता के बीच सरकार के कामकाज को लेकर फीडबैक भी जुटाएंगे। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर केंद्रीय नेतृत्व को जानकारी देगी। वहीं संगठन को मजबूत करने के लिए बीजेपी ने छह क्षेत्रों में दूसरे राज्यों से आए संगठन मंत्रियों को भी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का जोर उन इलाकों और सीटों पर विशेष रूप से है, जहां संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है। बीजेपी की रणनीति के तहत संगठन, विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंचने की तैयारी है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अपनी स्थिति को और मजबूत कर सके।

## आरक्षण बिल पर सियासी हलचलः विपक्ष ने लगाया सांसद खरीद का आरोप



**नई दिल्ली , एजेंसी ।** संसद के बहुप्रतीक्षित शीतकालीन सत्र की तारीखों का अभी तक ऐलान नहीं हुआ है। इसी बीच, परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक और महिला आरक्षण बिल को लेकर देश की सियासत गरमा गई है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, दावा किया जा रहा है कि सरकार के पास इन महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए आवश्यक 40-50 सांसदों की संख्या कम पड़ रही है, जिसके चलते पार्टियों को तोड़ने और सांसदों की खरीद-फरोख्त की तैयारी की जा रही है।

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने दावा किया है कि इस संख्या को जुटा पाने में असमर्थता के चलते सत्ताधारी दल शीतकालीन सत्र को दांव पर लगा रहा है। उन्होंने यहां तक कहा कि सांसदों की खरीद के लिए प्रति सांसद 150 करोड़ रुपये की रकम तय की गई है। राउत के अनुसार, इस काम के लिए महाराष्ट्र सरकार के एक मंत्री को भी लगाया गया है, हालांकि उन्होंने इस दौरान किसी नेता का नाम नहीं लिया।

राउत ने अपने दावे में कहा, सरकार जिद और अहंकार पर उतर आई है। शीतकालीन सत्र इसलिए नहीं हो रहा है क्योंकि वे चाहते हैं कि परिसीमन बिल हम मंजूर कर लेंगे। यह उनका ईगो है और इस ईगो के लिए एक शीतकालीन सत्र खाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, देश, संविधान और संसद की चिंता नहीं की जा रही है, बल्कि यह तय किया गया है कि किसी भी हालत में परिसीमन बिल मंजूर किया जाएगा। इसके लिए जो 40-45 सांसदों का आंकड़ा कम पड़ रहा है, उसे छोटी-छोटी पार्टियों को खरीदकर या दबाव में लाकर पूरा किया जाएगा। अगर पार्टियां नहीं टूट रहीं, तो कुछ सांसदों को खरीद लेंगे।

राज्यसभा सांसद राउत ने सांसदों को खरीदने के लिए 150 करोड़ रुपये की पेशकश का दावा करते हुए कहा, यह भाजपा के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का भाव है एक सांसद का 150 करोड़। पार्टी का व्हिप तोड़कर वोट करो, आपको अयोग्य नहीं किया जाएगा। न ओम बिरला जी करेंगे, न चुनाव आयोग करेगा। आराम से पार्टी व्हिप तोड़कर वोट करो और 150 करोड़ रुपये लेकर जाओ। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूरा पैसा महाराष्ट्र से जाएगा और एक बड़े मंत्री ने इसकी जिम्मेदारी ली है। हालांकि, इन आरोपों को सत्ता पक्ष ने सिरे से खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने राउत के दावों को झूठ का पुलिंदा करार दिया। उन्होंने पलटवार करते हुए सवाल किया, 150 करोड़ रुपये दे रहे हैं, आपसे किसने बताया? उसको सामने लाओ और कहो न। दरअसल, सरकार परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने की तैयारी में है, जिसका उद्देश्य लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करना और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संसद व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ करना है। इस विधेयक को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 वोटों की जरूरत होगी। 540 सदस्यों वाले मौजूदा सदन में, सत्ताधारी दल के पास 320 सदस्य हैं। ऐसे में, आवश्यक संख्या जुटाने के लिए उन्हें विपक्षी दलों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

## ऋषिकेश में विदेशी महिलाओं ने उठाया गंगा सफाई का बीड़ा, सोशल मीडिया पर लोग कर रहे तारीफ

देहरादून ,एजेंसी। उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी के किनारे का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। वीडियो में कुछ विदेशी महिलाएं हाथों में दस्ताने पहने और काले कचरे के थैले लिए गंगा घाट पर फैला प्लास्टिक और अन्य कचरा साफ करती दिख रही हैं। चट्टानों के बीच दबी पन्नियां हों या रेत में पड़ा कूड़ा, ये महिलाएं बिना किसी दिखावे के, पूरी लगन से एक-एक चीज को उठाकर थैले में डाल रही हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर द्वारा साझा किए गए वीडियो को देखकर हर कोई हैरान है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाले शख्स ने भी अपनी हैरानी जताकर कहा कि जहां लोग अपनी पवित्र नदी में कचरा फेंकने से बाज नहीं आते, वहीं दूसरे देशों से आई ये महिलाएं हमारी विरासत को बचाने की कोशिश कर रही हैं।

# जब पाकिस्तान अपने आतंकी ढांचे को खत्म करेगा तभी होगी द्विपक्षीय बातचीत

### -पाक मंत्री मलिक के भारत दौरे पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान आया सामने

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पाकिस्तानी मंत्री मुसादिक मसूद मलिक के भारत दौरे पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों के बावजूद मल्टीलेटरल फोरम की अपनी जगह है। उन्होंने दोहराया कि दोनों देशों के बीच बातचीत तभी शुरू हो सकती है, जब पाकिस्तान अपने आतंकी ढांचे को खत्म कर दे। थरूर ने स्पष्ट किया कि जब तक पाकिस्तान अपने इलाके से चल रहे आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक भारत पहले की तरह द्विपक्षीय बातचीत फिर से शुरू नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि भले ही उन दिनों भी पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते काफी खराब थे, तो ये ऐसी बातें हैं जिन्हें आपको समझना होगा। मल्टीलेटरल फोरम की अपनी जगह है। थरूर ने आगे कहा कि जहां तक द्विपक्षीय रिश्तों की बात है, हमने यह साफ कर दिया है कि पहले जिस तरह की बाइलेटरल बातचीत होती थी, वह तभी फिर से शुरू हो सकती है जब पाकिस्तान अपने देश में आतंक के इंफ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दे। उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की स्थिति दोहराते हुए कहा कि आप ये टेररिस्ट कैंप, हेडक्वार्टर, ट्रेनिंग ग्राउंड वगैरह नहीं रख सकते जिनका इस्तेमाल रेगुलर तौर पर हमारे लोगों पर हिंसा करने के लिए किया जा रहा है और फिर बातचीत की उम्मीद करें। उन्होंने कहा कि कोई भी अपने सिर पर बंदूक तानकर बात नहीं करना चाहता और हम भी ऐसा नहीं करने वाले हैं।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के कार्यक्रम में शामिल होने आए पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मलिक ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इस विषय पर किसी भी तरह की चर्चा ठोस सबूतों के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा क्षेत्र आतंकवाद की चपेट में है, इसलिए इसका समाधान भी सामूहिक रूप से मिलकर निकाला जाना चाहिए। मलिक ने यह भी वकालत की कि एक ऐसा फोरम बनाया जाना चाहिए, जहां इन सबूतों को सामने लाया जा सके और उसी आधार पर हर



मुद्दे का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरा क्षेत्र इस समस्या से जूझ रहा है और अगर आतंकवाद से निपटने में किसी का सबसे बड़ा हित है तो वह किसी और से ज्यादा पाकिस्तान का है।

# गोवा में सीजेपी ने फूंका चुनावी बिगुल कहा- धारा 39ए हटाना होगी

### सत्रावसान नहीं होने को लेकर चिंतित विपक्ष, लग रही साजिश

**पणजी , एजेंसी।** गोवा में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी अब गोवा में ही रहकर एक प्रेशर ग्रुप के तौर पर काम करेगी और सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। दीपके ने बताया कि सीजेपी गोवा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र भी जारी करेगी, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी। दीपके ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता गोवा नगर एवं ग्रामीण नियोजन अधिनियम की धारा 39ए को निरस्त करवाना है। यह धारा स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना कर रही है, जिससे यह भाजपा सरकार के लिए एक संवेदनशील मुद्दा बन गई है।

सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने गोवा में अपनी पार्टी के दीर्घकालिक रहने का संकल्प दोहराते हुए कहा, हमें भारत बचाना है और भारत का



निर्माण करना है। इस देश का भविष्य कोई 75 साल का महामानव नहीं, बल्कि यहां के युवा हैं। दरअसल, धारा 39ए को गोवा नगर एवं ग्रामीण नियोजन अधिनियम 1974 में 2024 में हुए एक संशोधन के जरिए जोड़ा गया था। यह प्रावधान बोर्ड की मंजूरी के बाद किसी भी भूखंड का जोन बदलने की अनुमति देता है, जिसके लिए जनता से केवल 30 दिनों के भीतर आपत्तियां मांगी जाती हैं। स्थानीय निवासी इस धारा का पुरजोर विरोध कर रहे हैं, उनका तर्क है कि यह पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाएगी और उद्योगपतियों व प्रभावशाली लोगों के हितों को बढ़ावा देगी। इससे कृषि योग्य और वन भूमि का उपयोग भी निर्माण या शहरी विकास के लिए किया जा सकेगा, जो गोवा की पारिस्थितिकी और संस्कृति के लिए खतरा है।

आशुतोष रांका ने बताया कि एक आंदोलन ने लोगों को एक मंच पर इकट्ठा किया था। उन्होंने सीजेपी की दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते हुए कहा, सीजेपी अब गोवा में लंबे समय के लिए आई है। अब यहां लंबा खेल चलेगा। कॉकरोच कभी नहीं मरेंगे। दीपके ने कहा कि सीजेपी अब गोवा की पहचान और जमीन के लिए लड़ाई लड़ेगी और उनके घोषणापत्र में धारा 39ए के खिलाफ संघर्ष को प्रमुखता दी जाएगी। उनका आरोप है कि गोवा की अनूठी संस्कृति को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अनंत सिंह की बेटी की शादी- किन्नरों ने मांगा सवा करोड़ का नेग

**पटना , एजेंसी ।** मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी की शादी इन दिनों बिहार से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा में है। हाल ही में दानापुर स्थित ऑर्गेनिक रिजॉर्ट में हुए भव्य तिलक समारोह के दौरान एक खास नजारा देखने को मिला, जब किन्नरों की टोली ने अनंत सिंह के होने वाले समधी से सवा करोड़ रुपये का नेग मांगकर सभी को चौंका दिया। अपने पारंपरिक अंदाज में नाच-गाना करते हुए किन्नरों ने ठिठोली कर कहा कि छोटे सरकार के यहां शादी हो रही है, तब नेग भी दिल खोलकर मिलना चाहिए। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि इस बार सवा करोड़ रुपये दे दीजिए, इसके बाद वे सीधे तब आएंगे, जब घर में पोता होगा। इस बातचीत का वीडियो भी खूब चर्चा बटोर रहा है, जहां किन्नरों ने परिवार को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद भी दिया।



## सम्पादकीय

# विरोध जताने का एक अहिंसक तरीका

सोनिया गांधी की संस्मरणात्मक आत्मकथा बिलॉन्गिंग अ जर्नी ऑफ लव हाल ही में बाजार में आई है। इसमें उनके जीवन, परिवार, रिश्तों और भारत से उनके जुड़ाव की कहानी को दर्शाया गया है। हालांकि, इसमें अनेक त्रुटियां हैं और इसमें भारत के महान नेताओं पर छींटाकशी की गई है। नाम तो इस पुस्तक का प्रेम का सफर जैसा है, पर इसके अंदर नफरत और द्वेष ही दिखता है। महाराष्ट्र में तो इसका विरोध भी शुरू हो गया। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेताओं द्वारा विरोध-प्रदर्शन कर सोनिया गांधी की किताब के पन्ने फाड़ना असल में अपना विरोध प्रकट करने का तरीका भर है। अतीत में डॉ बी आर आंबेडकर ने भी मनुस्मृति का विरोध करने के लिए उस ग्रंथ को जलवाया था। नेताओं ने आरोप लगाया कि 10 नवंबर को जारी इस किताब में वीर विनायक दामोदर सावरकर और मराठी अस्मिता का अपमान किया गया है। शिवसेना- शिंदे गुट ने प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स से किताब के पन्ने 201 और 443 हटाने तथा महाराष्ट्र में किताब पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की है। पन्ने फाड़ने वालों में संजय निरुपम, शाइना एनसी और आनंद दुबे जैसे नेता शामिल थे। हालांकि, शिवसेना के लिए एक अप्रिय स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि विरोध-प्रदर्शन के दौरान किताब फाड़ते समय शाइना एनसी से शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर भी फट गई, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट ने शिंदे गुट पर निशाना साधा है।असल में, सोनिया गांधी ने आत्मकथा लिखकर स्वयं को भारतीय राजनीति में नायिका बनाने की जो नाकाम कोशिश की है, वह कहीं से भी हकीकत नहीं लग रही है। इस किताब के बिखरते पन्नों में वह सच्चाई कहीं भी नहीं दिख रही, जैसी पंडित जवाहरलाल नेहरू या इंदिरा गांधी के समय लिखी किताबों में दिखती थी। अतः हम तो इन बिखरे पन्नों को समेटने का साहस भी नहीं कर सकते हैं। कारण, किताब में सोनिया गांधी ने केवल अपनी आत्मप्रशंसा की है, जबकि नेहरू-गांधी परिवार की आत्मकथाओं में अन्य पात्रों की भी भूमिका रही है।सोनिया गांधी ने आत्मवंचना में मेनका गांधी, संजय गांधी और वरुण गांधी के बारे में लिखते समय उन्हें वह उचित दर्जा नहीं दिया है, जिसके वे हकदार रहे है। इसलिए, यहां पर यह आत्मवंचना गले से कतई नहीं उतर रही है। यही वह समय था, जब वह चाहती, तो किताब के जरिये मेनका परिवार से अपने रिश्ते सुधार सकती थीं, परंतु उन्होंने यह अवसर भी खो दिया। महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट के जिन लोगों ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की आत्मकथा के पन्ने फाड़े हैं, उन्होंने पुष्ट कर दिया है कि उनका विश्वास असहमति के साथ सामंजस्य में नहीं है। साफ दिख रहा है कि यह वर्ग विरोध के नाम पर दुश्मनी और नफरत के किसी भी स्तर तक गिर सकता है। खबरों के मुताबिक, मुंबई में एक विरोध कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेताओं ने सोनिया गांधी की आत्मकथा पर प्रतिबंध लगाने की मांग की और किताब के कुछ पन्ने फाड़ दिए, जिससे सियासी घमासान मच गया है।

# मिलने को मजबूर हुए तीन कद्दावर

**चीन के लोगों में एक कहावत बहुत प्रचलित है- गरजना खूब, पर बरसना नहीं। शिखर सम्मेलन का नतीजा बेशक फीका हो, लेकिन बयानबाजी और शोर-शराबे में कभी कमी नहीं की जाती। अक्सर शब्दों की बाजीगरी से यह तथ्य छिप जाता है कि कूटनीति एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। इसमें बड़े दावों से अधिक अहमियत धीरे-धीरे होने वाली प्रगति की होती है। जब दो देशों के नेता आपस में मिलते हैं, तो उनके बीच सौहार्द और गर्मजोशी की ही तस्वीरें आती हैं, पर शिखर वार्ता की सफलता का असली पैमाना यह है कि उसमें बुनियादी और अहम मुद्दों पर कितनी ठोस प्रगति हुई?शेनझेन में खास यह रहा कि यहां तीन दिग्गज नेता एक साथ जुटे।**



चीन के लोगों में एक कहावत बहुत प्रचलित है- गरजना खूब, पर बरसना नहीं। शिखर सम्मेलन का नतीजा बेशक फीका हो, लेकिन बयानबाजी और शोर-शराबे में कभी कमी नहीं की जाती। अक्सर शब्दों की बाजीगरी से यह तथ्य छिप जाता है कि कूटनीति एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। इसमें बड़े दावों से अधिक अहमियत धीरे-धीरे होने वाली प्रगति की होती है। जब दो देशों के नेता आपस में मिलते हैं, तो उनके बीच सौहार्द और गर्मजोशी की ही तस्वीरें आती हैं, पर शिखर वार्ता की सफलता का असली पैमाना यह है कि उसमें बुनियादी और अहम मुद्दों पर कितनी ठोस प्रगति हुई?शेनझेन में खास यह रहा कि यहां तीन दिग्गज नेता एक साथ जुटे। इनमें से दो राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन) युद्धों के कारण लगातार सुर्खियों में रहे हैं, जबकि तीसरे शासनाध्यक्ष (शी जिनपिंग) का जोर अगले दो वर्षों के भीतर ताइवान को चीन में मिलाने पर है। तीनों नेताओं की अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाएं हैं, जो सैन्य जरूरतों से गुंथी हुई हैं। ट्रंप किसी कीमत पर इतिहास में एक पराजित नेता के रूप में दर्ज नहीं होना चाहते। उनकी कोशिश है कि रूस और चीन मिलकर ईरान पर दबाव डालें, ताकि वह उनकी शर्तें मानने को तैयार हो जाए और अमेरिकी राष्ट्रपति उसे अपनी जीत के रूप में पेश कर सकें।पुतिन की मंशा है कि यूक्रेन में रूस ने जिन इलाकों पर कब्जा कर लिया है, उसे अमेरिकी मान्यता मिल जाए। रूस सिर्फ कीव से नहीं लड़ रहा, बल्कि उसका टकराव समूचे यूरोप से है। अब फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड पूरे दमखम से यूक्रेन का साथ दे रहे हैं, जबकि जर्मनी से उसे आर्थिक मदद मिल रही है।रही बात शी जिनपिंग की, तो उनके पास समय की बड़ी चुनौती है। उन्होंने अपनी पार्टी और देश के लोगों से वायदा किया है कि 2028 तक वह ताइवान को चीन में शामिल कर लेंगे, लेकिन इससे पहले उन्हें 2027 के पार्टी सम्मेलन में फिर से अपनी जीत सुनिश्चित करनी होगी। बेशक, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी में नेतृत्व के प्रति असहमति जताने की परंपरा नहीं है, लेकिन जिनपिंग को चौथी बार कार्यकाल हासिल करने के लिए कोई असाधारण उपलब्धि बतानी होगी, जो सिर्फ ताइवान हो सकती है।ट्रंप पहले ही संकेत दे चुके हैं कि ईरान को लेकर उनकी मंशा पूरी नहीं होने वाली है। पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि ईरान को लेकर उन्हें रूस और चीन की जरूरत नहीं है। हालांकि, सच्चाई यह है कि उन्होंने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि वे इन दोनों देशों का साथ हासिल करने में विफल रहे हैं।ट्रंप ने एपेक शिखर सम्मेलन में उस महत्वपूर्ण मेहमान का कोई जिक्र नहीं किया, जिसकी गैर-मौजूदगी भी काफी सुर्खियों में रही। वह मेहमान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन थे। उनकी संभावित मौजूदगी के लिए परमाणु निरस्त्रीकरण को बहाना बनाया गया था, क्योंकि इस शिखर सम्मेलन का मकसद एक अन्य दौर की 'साल्ट वार्ताएं' (सामरिक शस्त्र सीमा वार्ता) करना नहीं था, जिनके तहत 1972 और 1979 में परमाणु समझौते हुए थे। उत्तर कोरिया का मुद्दा चीन के एजेंडे में था। शी जिनपिंग चाहते हैं कि उत्तर कोरिया को एक परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में अमेरिका मान्यता दे। इससे अमेरिका के खिलाफ उनका दूसरा मोर्चा खत्म हो जाएगा और वह ताइवान के खिलाफ अपनी पूरी ताकत व संसाधन झोंक सकेंगे।पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के रणनीतिक समीकरणों को आखिरी बार बदलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने साम्यवादी चीन को मान्यता देकर सोवियत संघ के खिलाफ पश्चिमी मोर्चे पर अपना ध्यान लगाया था। ट्रंप भी 21वीं सदी के निक्सन बन सकते थे, लेकिन अब वह अमेरिकी जनता को परमाणु शक्ति संपन्न उत्तर कोरिया के लिए शायद ही राजी कर सकेंगे, खासकर तब, जब तेहरान की परमाणु क्षमता को ही वह ईरान-युद्ध का कारण बताते रहे हैं।शी जिनपिंग का ध्यान ताइवान पर होने से मुमकिन है कि जब तक यह मसला नहीं सुलझ जाता, तब तक बीजिंग हिमालयी क्षेत्र में यथास्थिति को बिगाड़ने से बचेगा। इसका मतलब है कि भारत को संभवतः अगले पांच वर्षों तक कुछ राहत मिल सकती है। इस अवधि का इस्तेमाल उसे भविष्य के हाईटेक युद्धों की तैयारी में बड़ी छलांग लगाने के लिए करना चाहिए। उधर, राष्ट्रपति ट्रंप समझते हैं कि अमेरिकी सैन्य ताकत की भी अपनी सीमाएं हैं, लेकिन मुमकिन है कि इस सच को स्वीकार करने के लिए उन्हें सैन्य शक्ति का आखिरी दांव आजमाना पड़े। उनके सहयोगी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी किसी बड़ी रणनीति की जरूरत है, क्योंकि सत्ता पर लगातार कमजोर पड़ती पकड़ को मजबूत बनाने का एकमात्र रास्ता नए सिरे से युद्ध छेड़ना है।पश्चिम एशिया में अमेरिकी ताकत की जो तस्वीर कभी काफी प्रभावशाली नजर आती थी, वह अब ईरान द्वारा कई मोर्चों पर किए गए जवाबी हमलों से धुंधली पड़ गई है। इन सबसे इजरायल की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ट्रंप ने मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की हार की एक बड़ी वजह अमेरिकी मतदाताओं के बीच इजरायल की घटती लोकप्रियता को बताया है।

# धर्मसाल ही बाद में गुरुद्वारे कहलाए

यह सुखद संयोग रहा कि मुझे अनायास ही सबसे पहले ग्वालियर (मध्य प्रदेश) स्थित दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारा जाने का अवसर मिला। उस गुरुद्वारे की भव्यता ने जितना मुझे प्रभावित किया, उतना ही उसके इतिहास ने। वहां मुझे दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारे का रोमांचकारी इतिहास पता चला। सिख धर्म के छठे गुरु हरगोबिंद साहिब को वहां बंदी बनाकर रखा गया था। जब उन्हें मुक्त किया जाना था, तब उन्होंने इस शर्त पर रिहा होना मंजूर किया कि उनके साथ जितने भी बंदी हैं, उन सभी को रिहा किया जाए। उनकी शर्त मानी गई और तभी से उस स्थान का नाम दाता बंदी छोड़ पड़ गया। इसके कुछ वर्ष बाद मैं पटना साहिब गुरुद्वारे में थी। इसी दौरान मुझे अपनी पुस्तक श्रेष्ठ सिख कथाएं लिखने का अवसर मिला। फिर तो मैं सिख इतिहास को पढ़ती चली गई। दुनिया का सबसे पहला गुरुद्वारा सन् 1521 में सिखों के पहले गुरु नानक देव जी ने रावी के तट पर करतारपुर में बनवाया था। करतारपुर आज पाकिस्तान में पंजाब सूबे के नरवाल जिले का हिस्सा है। शुरू में इसे 'गुरुद्वारा' नहीं, 'धर्मसाल' कहा जाता था। करतारपुर धर्मसाल की स्थापना के साथ ही संगठित पूजा, लंगर की परंपरा की शुरुआत हुई थी। खास बात यह थी कि हरेक समुदाय के लिए इसे खुला रखा गया। गुरुद्वारा का शाब्दिक अर्थ ही है- गुरु का द्वार, आध्यात्मिक अर्थों में गुरु का स्थान! भला गुरु के स्थान में किसी शिष्य को क्यों रोका जाए? भले ही वह शिष्य दीक्षित न हो, जिज्ञासावश आ गया हो। गुरुद्वारे में इसीलिए सभी धर्मों और पंथों के लोगों का स्वागत किया जाता है। इनको सम्मान से 'गुरुद्वारा साहिब' कहा जाता है। हरेक गुरुद्वारे में एक दरबार साहिब होता है, जहां पवित्र गुरुग्रंथ साहिब को ऊंचे सिंहासन पर स्थापित किया जाता है। सिख धर्म में गुरुग्रंथ साहिब को शाश्वत गुरु की मान्यता है। दुनिया भर में दस गुरुद्वारे ऐतिहासिक महत्व के हैं- तख्त श्रीहरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर), तख्त श्रीकेसगढ़ साहिब, तख्त श्रीहरमंदिरजी पटना साहिब, तख्त श्रीदमदमा साहिब, तख्त सचखंड श्रीहुजूर साहिब, गुरुद्वारा बंगला साहिब, गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, गुरुद्वारा श्रीहेमकुंड साहिब, गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ साहिब और ननकाना साहिब। इनमें अमृतसर स्थित तख्त श्रीहरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) को सिख धर्म में सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। चौथे गुरु रामदास जी ने अमृतसर की स्थापना की और उनके बाद पांचवें गुरु अर्जन देव जी ने 1588 ई. में श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की नींव रखी। वर्ष 1606 में यहां पर गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना की गई।



# कहीं शिव को तुलसी, तो विष्णु को चढ़ता है बेलपत्र! देशभर में ऐसे मनाई जाती है वैकुंठ चतुर्दशी

वैकुंठ चतुर्दशी के पावन पर्व पर देशभर में निभाई जाने वाली अनूठी परंपराएं। पढ़ें काशी, उज्जैन और महाराष्ट्र में होने वाले हरि-हर मिलन, शिव जी को तुलसी और विष्णु जी को बेलपत्र चढ़ाने का पौराणिक महत्व।

वैकुंठ चतुर्दशी का नाम आते ही काशी के घाटों और बाबा विश्वनाथ के मंदिर में होने वाली विशेष पूजा की तस्वीर सामने आ जाती है। लेकिन भगवान विष्णु और भगवान शिव को समर्पित यह पर्व सिर्फ काशी तक सीमित नहीं है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस दिन हरि-हर मिलन की परंपरा निभाई जाती है। कहीं भगवान शिव को तुलसी दल अर्पित किया जाता है, तो कहीं भगवान विष्णु के चरणों में बेलपत्र चढ़ाए जाते हैं। उज्जैन में आधी रात को निकलने वाली हरि-हर मिलन की सवारी हो या महाराष्ट्र के मंदिरों में होने वाली संयुक्त पूजा, हर जगह इस पर्व का रंग थोड़ा अलग दिखाई देता है। आइए जानते हैं देश के प्रमुख तीर्थस्थलों पर वैकुंठ चतुर्दशी कैसे मनाई जाती है।

**काशी में तुलसी से होती है शिव की पूजा, विष्णु को चढ़ता है बेलपत्र**-काशी में वैकुंठ चतुर्दशी को हरि-हर मिलन के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव का विशेष मिलन होता है। काशी विश्वनाथ मंदिर में इस अवसर पर भगवान विष्णु की भी विशेष पूजा की जाती है। इस दौरान भगवान शिव को तुलसी दल और भगवान विष्णु को बेलपत्र अर्पित करने की परंपरा निभाई जाती है। आमतौर पर तुलसी भगवान विष्णु और बेलपत्र भगवान शिव को प्रिय माने जाते हैं, लेकिन इस दिन दोनों देवताओं को एक-दूसरे की प्रिय सामग्री चढ़ाकर उनके बीच अभेद का संदेश दिया जाता है।

**उज्जैन में आधी रात को होता है हरि-हर मिलन**-मध्य प्रदेश के उज्जैन में वैकुंठ चतुर्दशी का आयोजन बेहद खास अंदाज में होता है। यहां आधी रात को गोपाल मंदिर में हरि-हर मिलन की परंपरा निभाई जाती है। इस दौरान भगवान महाकाल की ओर से भगवान गोपाल को बेलपत्र की माला पहनाई जाती है, जबकि भगवान गोपाल की ओर से महाकाल को तुलसी की माला अर्पित की जाती है। इस अनूठे आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। यहां की परंपरा में दोनों देवताओं के एक-दूसरे के प्रति सम्मान और एकत्व का भाव साफ दिखाई देता है।






# 16 दिसंबर से खरमास शुरू, सूर्य गोचर से इन 4 राशियों के करियर में आएंगे बड़े बदलाव

16 दिसंबर 2026 को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे खरमास शुरू हो जाएगा। जानिए पंचांग और ज्योतिष गणना के अनुसार मीन, मेष, मिथुन और कन्या राशि के करियर एवं नौकरी पर क्या असर पड़ेगा।

**सूर्य का धनु राशि में गोचर 2026**

साल 2026 के आखिरी महीने में सूर्य देव राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं। 16 दिसंबर को सूर्य वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास की शुरुआत होगी, जो 14 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति के साथ समाप्त होगा। हिंदू धर्म में खरमास के दौरान विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। वहीं, ज्योतिषीय दृष्टि से सूर्य का यह गोचर करियर, पद-प्रतिष्ठा और कारोबार से जुड़े मामलों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूर्य के धनु राशि में पहुंचने से मीन, मेष, मिथुन और कन्या राशि के जातकों के कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**16 दिसंबर से लगेगा खरमास, जानें कब होगा समापन?** पंचांग के अनुसार, 16 दिसंबर 2026 को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसे धनु संक्रांति कहा जाता है। सूर्य के धनु राशि में रहने तक खरमास का प्रभाव रहेगा। इसके बाद 14 जनवरी 2027 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे और खरमास समाप्त हो जाएगा। मकर संक्रांति के साथ फिर से मांगलिक कार्यों की शुरुआत का मार्ग खुलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस अवधि में पूजा-पाठ, मंत्र जाप और दान-पुण्य करना शुभ माना जाता है। सूर्य देव को आत्मविश्वास, मान-सम्मान और करियर में उच्च पद का कारक माना जाता है। 16 दिसंबर 2026 से धनु राशि में सूर्य के गोचर के साथ खरमास शुरू होगा, जिसका असर मीन, मेष, मिथुन और कन्या राशि के जातकों के कार्यक्षेत्र पर देखने को मिल सकता है। किसी को प्रमोशन और नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं, तो कुछ लोगों को कारोबार और ऑफिस की चुनौतियों से सतर्क रहना होगा। अपनी कुंडली में सूर्य की स्थिति, करियर में तरक्की के योग और खरमास के दौरान किए जाने वाले उपाय जानने के लिए पंडित जी से बिल्कुल फ्री चैट करें। **खरमास में सूर्य के गोचर का क्यों है विशेष महत्व?** वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मबल, आत्मविश्वास, मान-सम्मान, सरकारी क्षेत्र और उच्च पद का कारक माना गया है।

## डीटीसी बढ़ाएगा कमाई, बस डिपो पर बनेंगे पेट्रोल पंप

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली परिवहन विभाग (डीटीसी) अपनी गैर-किराया आय को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। विभाग अपने बस डिपो पर पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) के साथ एक समझौता करने की योजना बना रहा है। यह पहल डीटीसी की यात्रा किराए के अलावा अन्य गतिविधियों से राजस्व बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसमें बसों पर विज्ञापन और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निगम की जमीन का पुनर्विकास भी शामिल है। हाल ही में हुई एक बैठक में इंडियन ऑयल के साथ परियोजना का ब्योरा अंतिम रूप देने और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत राजस्व जुटाने के लिए अन्य कंपनियों के साथ भी इसी तरह की परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशने पर सहमति बनी। इस कदम से डीटीसी को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## टाटा ट्रस्ट की बैठक में लिस्टिंग पर टली चर्चा, विवादित मुद्दों पर रहस्य बरकरार

**26 नवंबर को टाटा संस की बोर्ड बैठक में सूचीबद्धता पर अहम चर्चा की उम्मीद**

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह के भीतर बढ़ते अंदरूनी मतभेदों के बीच सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक में टाटा संस की शेयर बाजार में सूचीबद्धता या पुनर्गठन जैसे विवादित मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई। करीब दो घंटे चली इस बैठक को नियमित करार देते हुए मुख्य रूप से सामाजिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई, जिससे समूह के भविष्य पर अनिश्चितता बनी रही। नोएल टाटा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुणे के जहांगीर अस्पताल के लिए करीब 50 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया। न्यासियों ने इसे सामान्य कामकाज से जुड़ी नियमित बैठक बताया। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में लगभग 66 फीसदी हिस्सेदारी है, जो समूह के बड़े फैसलों में ट्रस्ट की भूमिका को अहम बनाती है। अब सबकी निगाहें 26 नवंबर को प्रस्तावित टाटा संस के निदेशक मंडल की अगली बैठक पर हैं, जहां कंपनी की शेयर बाजार में सूचीबद्धता पर चर्चा की संभावना है। 17 सितंबर की पिछली बैठक में लिस्टिंग और अध्यक्ष के तीसरे कार्यकाल पर मतभेद सामने आए थे, जिसका नोएल टाटा ने विरोध किया था। आरबीआई के नियमों से बचने के लिए, सहायक कंपनियों के विलय से पुनर्गठन का विकल्प भी है। रतन टाटा ट्रस्ट के प्रशासनिक मुद्दों ने भी जटिलताओं को बढ़ाया है। समूह के भविष्य पर उद्योग जगत की नजरें बनी हुई हैं।

## ईवी चार्जिंग में डिस्कॉम का असहयोग- पीएम सलाहकार

**तरुण कपूर ने नोडल अधिकारी, उच्च लागत व कम उपयोग पर जताई चिंता**

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अपर्याप्त सहयोग पर गंभीर चिंता जताई है। सायएम सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत के सरप्लस बिजली उत्पादन के बावजूद, डिस्कॉम ईवी को बिजली खपत के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में नहीं देख रही हैं।

कपूर ने हर डिस्कॉम में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की वकालत की, ताकि चार्जिंग केंद्र संचालकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। कपूर ने डिस्कॉम के गैर-सहयोगी रवैये की आलोचना की, विशेषकर 200 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के ग्रिड कनेक्शन पर मोटी लागत वसूलने के लिए।

उन्होंने कहा कि डिस्कॉम को समझना होगा कि ईवी उनके लिए एक बड़ा राजस्व क्षेत्र बनेगा, न कि केवल उद्योग। सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत बिजली कनेक्शन लागत के लिए बजट प्रावधान किए हैं, लेकिन इस आवंटित धनराशि का बड़ा हिस्सा उपयोग ही नहीं हुआ है, जबकि सरकार आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धन देने को भी तैयार है। उन्होंने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के कम उपयोग (कई स्थानों पर 1 फीसदी से भी कम) पर भी चिंता जताई, जिससे रखरखाव प्रभावित होता है और कई स्टेशन बेकार हो जाते हैं। कपूर ने सुझाया कि चार्जिंग स्टेशन ऐसी जगहों पर हों जहां वाहन आम तौर पर देर तक रुक सकें।

# उतार-चढ़ाव के बीच नई ऊंचाइयों पर रहा भारतीय शेयर बाजार

**-विदेशी निवेशकों का निरंतर प्रवाह व कच्चे तेल की नरमी से बाजार को मिला समर्थन**

**मुंबई ।**

बीता सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए एक गतिशील और उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसने निवेशकों को कई मोड़ दिए। एक मजबूत शुरुआत के बाद बाजार को बीच सप्ताह में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन फिर शानदार वापसी करते हुए नए रिकॉर्ड स्तरों पर बंद हुआ। इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निरंतर प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की उम्मीदों ने बाजार को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान किया। भारतीय रुपया भी शुरुआती कमजोरी के बाद सप्ताह के अंत तक डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ, जिससे बाजार की समग्र सकारात्मक धारणा को बल मिला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को जोरदार तेजी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 450 अंक से अधिक चढ़ा, वहीं निफ्टी ने 25,250 के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। एफपीआई की बढ़ी हुई खरीद और तेल कीमतों में गिरावट की उम्मीदों से बाजार को मजबूती मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 512.34 अंक बढ़कर 82,104.79 पर और निफ्टी 146.80 अंक की वृद्धि के साथ 25,291.10 पर बंद हुआ। एशियन पेंट, एयरटेल, आईटीसी और टाटा कंस जैसे शेयरों में




अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। मंगलवार को भी यह सकारात्मक रुझान जारी रहा, जिससे सेंसेक्स 427.40 अंक चढ़कर 82,532.19 पर और निफ्टी 96.31 अंक बढ़कर 25,387.40 पर पहुंच गया, जो बाजार में मजबूत सकारात्मक धारणा को दर्शाता है। हालांकि, सप्ताह के मध्य में बुधवार को बाजार ने दो दिन की अपनी तेजी को विराम दिया।

## सोने में मिलावट का नया रूप रेनियम-इरिडियम, जीजेसी ने चेताया

**मुंबई ।**




सोने के आभूषणों में रेनियम और इरिडियम जैसी धातुओं की मिलावट से वजन बढ़ाने की खबरों ने चिंता बढ़ा दी है। इसी के मद्देनजर, आभूषण उद्योग निकाय जीजेसी (अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद) ने शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को इस मुद्दे पर आगाह करते हुए कारोबारियों और ग्राहकों दोनों से सावधानी बरतने की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन धातुओं का इस्तेमाल सोने की शुद्धता बढ़ाए बिना उसका वजन बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। इससे खरीदारों को आभूषण के वास्तविक वजन और शुद्धता के बारे में गलत जानकारी मिलती है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। जीजेसी ने बताया कि बीआईएस इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जीजेसी ने सभी आभूषण कारोबारियों से विनिर्माताओं, थोक विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं से खरीदे गए सोने की गुणवत्ता की कड़ी जांच करने का आग्रह किया है। ग्राहकों को कम बनावट शुल्क के लालच में न आने, विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदारी करने, बीआईएस केयर ऐप से हॉलमार्क की पुष्टि करने और जीएसटी बिल लेने की सलाह दी गई है। किसी भी मिलावट या धोखाधड़ी की स्थिति में जीजेसी या सीधे बीआईएस में शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

# टाटा टेक्नोलॉजीज के शेयर पर ब्रोकरेज सतर्क, 13 फीसदी गिरावट का अनुमान

**कंपनी सॉफ्टवेयर, एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग सेवाओं पर केंद्रित, लाभप्रदता बढ़ाने पर भी जोर**

**मुंबई ।**

टाटा समूह की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज ने वित्त वर्ष 2030 तक अपने कारोबार को 1.1 से 1.3 अरब डॉलर तक पहुंचाने की महत्वाकांक्षी रणनीति प्रस्तुत की है। हाल ही में निवेशक दिवस पर पेश की गई इस योजना में सॉफ्टवेयर, एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग सेवाओं को प्रमुख विकास इंजन के रूप में रेखांकित किया गया है। हालांकि, इन बुलंद लक्ष्यों के बावजूद, ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने इसके शेयर को बेचने की सलाह दी है, यह मानते हुए कि मौजूदा बाजार मूल्य में भविष्य की अधिकांश वृद्धि पहले ही शामिल हो चुकी है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने वित्त वर्ष 2027 से 2030 के बीच राजस्व में सालाना 15-20 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी केवल कारोबार के आकार पर नहीं, बल्कि मुनाफे में भी सुधार पर केंद्रित है। इसका ऑपरेटिंग मार्जिन वित्त वर्ष 2026 के 15.5 फीसदी से बढ़कर वित्त वर्ष 2027 की चौथी तिमाही तक 17 फीसदी और वित्त वर्ष 2030 तक 20 फीसदी से अधिक करने की योजना है। सॉफ्टवेयर कारोबार कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र है, जो वित्त वर्ष 2021 के 48 लाख डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 6.4 करोड़ डॉलर हो गया है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 में पुराने सॉफ्टवेयर कारोबार से 10 करोड़




डॉलर का राजस्व हासिल करना और अगले तीन वर्षों में इसमें अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर जोड़ना है।

एयरोस्पेस क्षेत्र में भी पिछले पांच वर्षों में लगभग 40 फीसदी की सालाना वृद्धि देखी गई है। टाटा टेक्नोलॉजीज वित्त वर्ष 2028 तक इस कारोबार को 10 करोड़ डॉलर के वार्षिक राजस्व स्तर तक पहुंचाना चाहती है, जिसके बाद वित्त वर्ष 2030 तक इसमें 25-30 फीसदी सालाना वृद्धि का अनुमान है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक वाहन उद्योग में इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर की बढ़ती भूमिका, साथ ही एआई का उपयोग, कंपनी के लिए नए अवसर पैदा करेगा और लागत दक्षता बढ़ाएगा।

# सोने-चांदी के भाव में भारी गिरावट से निवेशकों में असमंजस

**डॉलर की मजबूती और अमेरिकी फेड के सख्त रुख ने कीमती धातुओं को किया कमजोर**

**मुंबई ।**

सोने और चांदी की कीमतों में हालिया भारी गिरावट ने बाजार में हलचल मचा दी है। इस गिरावट ने एक ओर जहां गहनों के खरीदारों को राहत पहुंचाई है, वहीं निवेशकों को असमंजस में डाल दिया है कि क्या यह खरीदारी का सही समय है या कीमतों में और गिरावट का इंतजार किया जाए। पिछले कुछ दिनों से जारी यह तेज कमजोरी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों बाजारों में देखी जा रही है, जिसके पीछे कई वैश्विक आर्थिक कारक जिम्मेदार हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 20 नवंबर को दिसंबर अनुबंध वाला सोना गिरकर 1,21,719 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जो कई वर्षों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है। इस साल जनवरी में 1.80 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद से सोने में करीब 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह, चांदी भी अपने रिकॉर्ड 4.20 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से फिसलकर लगभग 2.72 लाख रुपये पर पहुंच गई है, जिसमें लगभग 62 प्रतिशत की भारी कमजोरी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है। कॉमेक्स पर सोना करीब 3520 डॉलर प्रति औंस तक लुढ़का है, जबकि चांदी ने एक सप्ताह में 13 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर आक्रामक रुख, डॉलर की लगातार मजबूती और सरकारी बॉन्ड की बढ़ती यील्ड इस गिरावट के प्रमुख कारण हैं। दिसंबर में अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित वृद्धि की अटकलों से निवेशक सोने जैसे गैर-ब्याज देने वाले विकल्पों से दूर हट रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ निवेशकों द्वारा नकदी जुटाने के लिए अन्य संपत्तियों की बिकवाली ने भी कीमतों पर दबाव बढ़ाया है।

## ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के बीच व्यापार और युवाओं की आवाजाही पर बनी सहमति

**एक लाख युवाओं को आवाजाही, व्यापारिक जांच समाप्त**

**ब्रसेल्स।**

ब्रसेल्स में एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ब्रेक्जिट के बाद अपने बिगड़े संबंधों को सुधारने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। दोनों पक्षों ने व्यापार, कार्बन उत्सर्जन और युवाओं की आवाजाही से जुड़े समझौतों पर सहमति जताई, जिसे यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने महत्वपूर्ण मोड़ और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने ऐतिहासिक समझौता करार दिया है। इन समझौतों के तहत, 1 लाख युवाओं को तीन साल तक एक-दूसरे के देशों में रहने व काम करने की अनुमति मिलेगी। पौधों व पशु उत्पादों पर व्यापारिक जांच खत्म होगी, जिससे कारोबार आसान होगा। कार्बन उत्सर्जन व्यापार व्यवस्था भी जुड़ेगी। प्रधानमंत्री बर्नहम ने ब्रेक्जिट को असफल बताते हुए फायदे से ज्यादा नुकसान की बात स्वीकार की। उन्होंने भविष्य में ईयू के साथ संबंधों के सभी विकल्प खुले रखने की बात कही, जिसमें दोबारा समूह में शामिल होना भी शामिल है, हालांकि इसे लंबी प्रक्रिया बताया। छात्र शुल्क जैसे कुछ मुद्दों पर छह महीने में सहमति बनाने का लक्ष्य है।

# सरकारी आईटी खरीद में मेक इन इंडिया को प्राथमिकता

**स्थानीय कलपुर्जों की हिस्सेदारी के नियम सख्त**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने सरकारी खरीद में मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करने के लिए एक अहम कदम उठाया है। अब लैपटॉप, डेस्कटॉप और सर्वर सहित छह प्रमुख आईटी हार्डवेयर उत्पादों की सरकारी खरीद में घरेलू कलपुर्जों का योगदान बढ़ाने के लिए निर्धारित प्रतिशत में वृद्धि की गई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 2017 के सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) आदेश में संशोधन किया है। यह बदलाव देश में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने, उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से किया गया है। इसका लक्ष्य स्थानीय कलपुर्जों का उपयोग करने वाले उत्पादों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देना है। संशोधित व्यवस्था के तहत, डेस्कटॉप पीसी, ऑल-इन-वन पीसी, लैपटॉप, थिन क्लाइंट, सर्वर, कंप्यूटर मॉनिटर और इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले (आईएफपीडी) सहित छह आईटी हार्डवेयर उत्पाद शामिल हैं। घरेलू मूल्यवर्धन की गणना अंतिम उत्पाद की कुल लागत में स्थानीय कलपुर्जों की लागत के प्रतिशत के आधार पर की जाएगी।

# भारत में एआई क्रांति, 90 फीसदी कंपनियां बढ़ा रहीं तकनीकी कार्यबल

**रिपोर्ट के अनुसार, भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर**

**मुंबई ।**

देश में कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सेवाओं और राजस्व के नए स्रोत पैदा करने के लिए भारतीय नियोक्ता अपनी प्रौद्योगिकी कार्यबल क्षमता बढ़ा रहे हैं। एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में 90 प्रतिशत कंपनियां इस दिशा में काम कर रही हैं, यह वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा अनुपात है। एक वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती है कि भारत का यह आंकड़ा अमेरिका (93 फीसदी) के बाद दूसरे नंबर पर है और 86 फीसदी के वैश्विक औसत से काफी ऊपर है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एआई का कौशल रखने वाले डेवलपर को शुरुआती स्तर पर पारंपरिक डेवलपर की तुलना में दोगुने से अधिक वेतन मिल सकता है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह बढ़त 79 फीसदी तक है। हालांकि, 50 फीसदी भारतीय नियोक्ताओं को बेहतर वेतन देने वाली प्रतिस्पर्धी कंपनियों के हाथों अक्सर शीर्ष प्रतिभाओं को गंवाना पड़ता है, फिर भी 53 फीसदी कंपनियां प्रौद्योगिकी क्षेत्र में छंटनी के कारण नौकरी गंवाने वाले कर्मचारियों को सफलतापूर्वक काम पर रख पाई हैं। रैंडस्टैड इंडिया के प्रबंध निदेशक नारायण अय्यर ने कहा कि एआई, प्रौद्योगिकी प्रतिभा परिदृश्य को मौलिक रूप से बदल रहा है और उभरते कौशल की मांग उनकी उपलब्धता से लगातार अधिक बनी हई है।



# भारत-न्यूजीलैंड से टेस्ट ड्रॉ

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दोनों टीमों को नुकसान



वेलिंगटन।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया है। भारतीय गेंदबाज आखिरी 43 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की जोड़ी ने 259 गेंद पर नाबाद 63 रन की साझेदारी की।

सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन भारत को जीत के लिए 8 विकेट की जरूरत थी। चाय के विश्राम से पहले 5 बल्लेबाज आउट हो गए थे। भारत को आखिरी डेढ़ सत्र में जीत के लिए 5 विकेट की जरूरत थी। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की जोड़ी ने नाबाद साझेदारी कर अपनी टीम को पारी की हार से बचाया। मैच में 10 से ज्यादा ओवर बचे थे लेकिन दोनों टीमों ने आपसी सहमति से मैच ड्रॉ कर लिया। मैच में भारतीय टीम को पहली पारी में 352 रन की बढ़त मिली। उसने 720/9 के स्कोर पर पारी घोषित की। न्यूजीलैंड 368 रन पर ऑलआउट हुआ।

### अब भारत को बाकी के सभी 6 मैच जीतने होंगे

भारत को बाकी 6 टेस्ट में से एक न्यूजीलैंड में और 5 घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ 5 टेस्ट की सीरीज अगले साल 21 जनवरी से शुरू होगी। पहला टेस्ट नागपुर में खेला जाएगा, जबकि सीरीज का आखिरी मुकाबला 27 फरवरी से अहमदाबाद में होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे पहले 2023 में भारत दौरे पर आई थी। तब 4 टेस्ट की सीरीज भारत ने 2-1 से जीती थी। अगर भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना बाकी टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी 5 मैच जीत लेता है, तो उसका अधिकतम पीसीटी 66.67 हो सकता है। हालांकि, इतने मैच जीतने के बाद भी फाइनल में जगह पक्की नहीं होगी, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड फिलहाल भारत से ऊपर हैं। इन टीमों के आने वाले मैचों के नतीजे भी भारत की क्वालिफिकेशन पर असर डालेंगे।

**हेनरी निकल्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे**-पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाने वाले हेनरी निकल्स को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने दूसरी पारी में 31 रन बनाए।

**गिल ने कहा- हमें पता था 10 विकेट लेना मुश्किल होगा**-भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इस पिच पर 10 विकेट लेना चुनौतीपूर्ण होगा। फील्डिंग में हमारा दिन अच्छा रहा। मुझे नहीं लगता कि 5-10 ओवर और खेलने से ज्यादा फायदा होता। मुझे लगता है कि विदेशी दौरों पर हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने हर क्षेत्र में न्यूजीलैंड को चुनौती दी। पहली पारी में गेंदबाजी भी ठीक रही। बल्लेबाजी में हमारे दो ही शतक लगे, लेकिन टीम ने 700 से ज्यादा रन बनाए। उम्मीद है कि क्राइस्टचर्च में गेंदबाजों को पिच से थोड़ी ज्यादा मदद मिलेगी।

**लैथम बोले- उम्मीद नहीं थी पिच इतनी सपाट होगी**-न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कहा कि टीम के कुछ खिलाड़ियों ने मुश्किल समय में जिस तरह जिम्मेदारी उठाई, उससे मैं बहुत खुश हूं। खासकर पहली पारी में अलग-अलग खिलाड़ियों ने आगे आकर अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे उम्मीद नहीं थी कि पिच इतनी सपाट होगी। यह बेसिन रिजर्व की पारंपरिक पिच नहीं थी। मुझे टीम पर गर्व है।

**ड्रॉ से दोनों टीमों को नुकसान, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचना मुश्किल**-इस नतीजे से दोनों टीमों के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा है। भारत को ज्यादा नुकसान हुआ है, क्योंकि उसके पास अब गलती की गुंजाइश कम है। भारत का पीसीटी 50 प्रतिशत है, जबकि न्यूजीलैंड का 66.67 प्रतिशत है। न्यूजीलैंड नंबर-3 पर खिसक गया है। उसके फाइनल में पहुंचने के अवसर भारत से ज्यादा हैं। दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत पीसीटी के साथ पहले और ऑस्ट्रेलिया 69 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

**दोनों टीमों को 4-4 अंक मिले**-इस मैच से दोनों टीमों को एक समान 4-4 अंक मिलेंगे। टीम इंडिया पर धीमी ओवर गति के लिए पेनाल्टी भी लग सकती है। ऐसे में डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रही भारतीय टीम को इस नतीजे से नुकसान होगा। मैच में पहले दिन के शुरुआती सवा घंटे को छोड़ दें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही।

**दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाया, पहला टेस्ट ड्रॉ**-120वें ओवर के बाद दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ मिला लिया। इसी के साथ वेलिंगटन में खेला गया यह मैच ड्रॉ हो गया।

## पडिक्कल से कैच छूटा, गिल निराश होकर मैदान पर बैठे : मिचेल-फिलिप्स ने 43 ओवर बल्लेबाजी की, नंबर-6 के बाद सदी की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी

डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने 43 ओवर बल्लेबाजी की। यह 21वीं सदी में न्यूजीलैंड के लिए किसी ड्रॉ टेस्ट की तीसरी पारी में छठे या उससे नीचे के विकेट की दूसरी सबसे लंबी साझेदारी है। पहला स्थान भी इसी मैदान पर 2014 में ब्रेंडन मैक्कुलम और बीजे वॉटलिंग की 123 ओवर की साझेदारी के नाम है। दोनों ने 352 रन जोड़े थे। यह टेस्ट क्रिकेट का सर्वकालीन रिकॉर्ड भी है।

### 5वें दिन के प्रमुख क्षण

**1. पंत ने डाइव लगाकर कॉन्वे का कैच पकड़ा**

56वें ओवर में ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे बाईं तरफ डाइव लगाकर डेवोन कॉन्वे का कैच पकड़ा। कॉन्वे सुंदर की गेंद को रोकना चाहते थे।

लेकिन, गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई। इसके बाद पंत ने तेजी से बाईं तरफ डाइव लगाकर कैच पकड़ा।

कैच पकड़ने के बाद कॉन्वे का विकेट मिलने का जश्न मनाते पंत और केएल राहुल।

**2. राहुल ने छलांग लगाकर रचिन का कैच पकड़ा**

केएल राहुल ने गली पर रचिन रवींद्र को छलांग लगाकर कैच किया। रचिन ने 60वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा की उछाल भरी गेंद को शरीर से दूर से खेलने की कोशिश की।

गेंद गली में दाईं ओर गई, जहां केएल राहुल ने अपनी दाईं तरफ छलांग लगाकर कैच पकड़ा। यहां रचिन 37 रन बनाकर आउट हुए।

**3. कंबोज के कहने पर गिल ने रिव्यू लिया, ब्लंडेल आउट हुए**

77वें ओवर में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अंशुल कंबोज के कहने पर रिव्यू लिया। इस रिव्यू पर टॉम ब्लंडेल आउट हुए।

अंशुल कंबोज की गेंद ब्लंडेल के बल्ले का किनारा लेकर ऋषभ पंत के हाथों में चली गई। अंपायर ने अपील पर आउट नहीं दिया था।

गिल रिव्यू लेने को लेकर असमंजस में थे,



तभी कंबोज ने उन्हें रिव्यू लेने का सुझाव दिया। अल्ट्राएज में गेंद के बल्ले से लगने की पुष्टि हुई।

**4. पडिक्कल कैच नहीं पकड़ सके, गिल ने सिर पर हाथ रखा**

95वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल शॉर्ट लेग पर डेरिल मिचेल का कैच नहीं पकड़ सके। अंशुल कंबोज की गेंद डेरिल मिचेल के ग्लव्स से टकराकर हवा में उछली और पडिक्कल के पास से निकल गई। पडिक्कल ने बाएं हाथ से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ में नहीं आई।

रीप्ले में दिखा कि पडिक्कल का बायां हाथ गेंद तक पहुंचा, लेकिन वे कैच नहीं पकड़ सके। यह मुश्किल मौका था। शॉर्ट मिडविकेट पर खड़े शुभमन गिल ने निराशा में सिर पर हाथ रख लिया और घुटनों के बल बैठ गए।

**5. रनिंग के दौरान फिलिप्स के हेलमेट पर लगी गेंद**

मैच के दूसरे दिन 20 नवंबर को न्यूजीलैंड की पहली पारी में ग्लेन फिलिप्स चोटिल हो गए थे। उनके हेलमेट के पास गले में आकाशदीप का थ्रो लगा था।

प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर फिलिप्स ने मिड-ऑन की दिशा में शॉट खेला और रन लेने निकल पड़े। आकाशदीप ने गेंद को नॉन-स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया, लेकिन गेंद स्टंप की बजाय फिलिप्स को लग गई।

## कार्लोस अल्काराज ने पहली बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता

**फाइनल में विश्व नंबर-1 ज्वेरेव को 6-2, 7-6 से हराया; फेडरर-जोकोविच के खास क्लब में शामिल**



ट्यूरिन।

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने पहली बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। इटली के ट्यूरिन में रविवार को खेले गए फाइनल में अल्काराज ने विश्व नंबर-1 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 7-6 (7) से हराया। इस जीत के साथ अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम और एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### ज्वेरेव बोले- आप हमारे खेल के दिग्गज हैं, कल संन्यास ले लें तो भी कोई बात नहीं

खिताब जीतने के बाद अल्काराज ने कहा कि महान खिलाड़ियों के साथ अपना नाम जुड़ना उनके लिए खास है। उन्होंने कहा, यह शानदार है कि मेरा नाम अब उन दिग्गजों के साथ है। यह एक अद्भुत हफ्ता रहा। मैं अपनी टीम के साथ कई मुश्किल दौर से गुजरा हूं। मैं बेहतरीन टेनिस खेल रहा हूं और इस ट्रॉफी को जीतने का लंबे समय से इंतजार था। फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव ने उपविजेता भाषण में अल्काराज की तारीफ की। उन्होंने कहा, आप हमारे खेल के दिग्गज हैं और आपकी उम्र सिर्फ 23 साल है। अगर आप कल संन्यास भी ले लें, तो भी कोई बात नहीं। आप आराम कर सकते हैं।

### चोट के बावजूद लगातार 14वीं जीत, करीब 43 करोड़ रुपये इनाम मिला

अल्काराज बाईं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे। फाइनल में उनकी ऊपरी जांघ पर काला इलास्टिक बैंड और दाएं घुटने पर टेप लगा था। इस साल बीच में दाईं कलाई की चोट के कारण वे 4 महीने कोर्ट से दूर रहे थे।

इसके बावजूद उन्होंने वियना और पेरिस के बाद ट्यूरिन में खिताब जीतकर लगातार 14वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्हें करीब 52 लाख डॉलर (लगभग 43 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि मिली।

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने 22 नवंबर, 2026 को ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के बाद जश्न मनाया।

### ज्वेरेव की सर्विस 3 बार टूटी, टाईब्रेकर में 3 सेट पॉइंट गंवाए

ज्वेरेव ने फाइनल से पहले पूरे टूर्नामेंट में अपनी सर्विस नहीं गंवाई थी। अल्काराज ने पहले गेम में 3 ब्रेक पॉइंट हासिल किए। ज्वेरेव ने तीनों बचाए, लेकिन इसके बाद अल्काराज ने उनके अगले 3 सर्विस गेम तोड़कर पहला सेट 6-2 से जीत लिया। पहले सेट में अल्काराज ने पैरों के बीच से शॉट (ट्वीनेर) लगाया। इसके बाद ज्वेरेव ने गुस्से में अपना रैकेट फेंक दिया। दूसरे सेट में ज्वेरेव ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दिया। टाईब्रेकर में उनके पास सेट जीतने के 3 मौके आए, लेकिन वे तीनों गंवा बैठे। अल्काराज ने दूसरे मैच पॉइंट पर बैकहैंड विनर लगाकर मैच जीत लिया। उन्होंने 28 विनर्स लगाए, जबकि ज्वेरेव 12 ही लगा सके।

## हर्षित राणा और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच मचा दंगल, मैच के शुरू होने से अंत तक जोश रहा हाई



नई दिल्ली।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स में इंडिया-ए के गेंदबाज हर्षित राणा और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच मैच की शुरुआत से ही जमकर बहस हुई। इसका वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इंडिया-ए की तरफ से खेल रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा रविवार को पाकिस्तान-ए के खिलाफ खेले गए मैच में सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। उन्होंने मैच की शुरुआत से ही अपनी गेंदबाजी के साथ-साथ टिप्पणियों से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान किया और फिर अंत में बल्लेबाजी करते समय पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स के मैच में पाकिस्तान-ए ने इंडिया-ए को 48 रनों से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन बनाए। इंडिया-ए की टीम 49.1 ओवरों में महज 265 रनों पर ही ढेर हो गई।

### राणा ने की शुरुआत

राणा जब गेंदबाजी कर रहे थे तब वह शमील हुसैन और माज सदाकत को लगातार परेशान कर रहे थे और हर गेंद के बाद जाकर उनसे कुछ न कुछ कह रहे थे। शमील जब आउट हुए तो राणा ने उन्हें बाहर जाने का इशारा करते हुए कुछ कहा भी था। राणा ने उनका कैच आयुष बडोनी की गेंद पर लपका था। ऐसे में जब राणा बल्लेबाजी करने आए तो पाकिस्तानी खिलाड़ी भी उन पर टूट पड़े। मोहम्मद इमरान की गेंद पर फरहान यूसुफ ने राणा का कैच लिया और वह बिना खाता खोले आउट हो गए। राणा जब आउट होकर ड्रेसिंग रूम जा रहे थे तब सूफियान मुकीम भी उनको गुस्से में कुछ कहते दिखे और राणा चुपचाप मुंह लटकाए पवेलियन लौट गए।

### तिलक का शतक बेकार

इंडिया की तरफ से कप्तान तिलक वर्मा ने 100 रनों की पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। तिलक एक छोर से अकेले लड़ते रहे और आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। उनसे पहले अभिषेक शर्मा ने 42 गेंदों पर छह चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। शाहबाज अहमद ने 49 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की मदद से 56 रन बनाए और तिलक के साथ शतकीय साझेदारी की, लेकिन जैसे ही यह साझेदारी टूटी इंडिया-ए की टीम बिखर गई।

## आरसीबी ने किया रिटेन तो हैरान रह गया था गेंदबाज, कहा- इस बार पूरी ताकत झोंक दूंगा

आरसीबी की टीम ने पांच करोड़ रुपये में तेज गेंदबाज यश दयाल को रिटेन किया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की तरफ से उन्होंने गेंदबाजी में भी प्रभावित किया है। आईपीएल 2027 के लिए आरसीबी की टीम ने तेज गेंदबाज यश दयाल को रिटेन किया है। कानूनी पचड़े में फंसने के बाद यश दयाल आईपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले सके थे। आरसीबी ने जब उनको आईपीएल 2027 के लिए रिटेन किया, तो उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी हुई थी। यश दयाल ने आईपीएल 2027 में टीम के लिए पूरी ताकत झोंक देने की बात कही थी। यश दयाल ने टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ साक्षात्कार में कहा कि मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि आरसीबी की टीम मुझे रिटेन करेगी। उन्होंने कहा कि अब टीम ने जब उन पर भरोसा जताया है तो वह टीम के लिए अगले सीजन में अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे। आरसीबी ने पांच करोड़ रुपये में उन्हें रिटेन किया है।

यश दयाल फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का हिस्सा हैं। उत्तर प्रदेश की झारखंड पर जीत में उन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई और दो विकेट हासिल किए। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में चार मैच में छह विकेट हासिल कर चुके हैं।

### मुझे टीम इंडिया के लिए खेलना है: यश दयाल

यश दयाल ने साक्षात्कार में कहा कि मैं बस क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं बस अपनी जिंदगी का आनंद लेना चाहता हूं और क्रिकेट ही मेरी जिंदगी है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने का सपना उन्होंने अभी नहीं छोड़ा है। मैं 28 साल का हो चुका हूं और मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द टीम इंडिया के लिए खेलना है।



### मैं उन सभी सालों को भूल जाना चाहता हूं जो मेरे हाथ से निकल गए: यश दयाल

यश दयाल ने कानूनी मामलों में फंसने को अपने जीवन का सबसे कठिन दौर बताया। उन्होंने कहा कि जब आपकी टीम के खिलाड़ी मैदान पर हों और आप टीवी पर मैच देख रहे हों तो घर पर बैठे रहना बहुत बुरा लगता है, मगर अब मैं पूरी तरह क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। यश दयाल ने कहा कि मैं उन सभी सालों को भूल जाना चाहता हूं जो मेरे हाथ से निकल गए। इसलिए मैं बस टीम इंडिया में खेलने के सपने को सच करना चाहता हूं, चाहे इसमें कितना भी समय क्यों न लगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर काम किया है। मैंने अपनी यॉर्कर, बाउंसर और लेंथ बॉल पर मेहनत की है। मैं अपनी धीमी गेंद पर भी काम कर रहा हूं। मैं यह भी सोच रहा हूं कि मैं और क्या नया कर सकता हूं।

### आरसीबी के लिए किया है शानदार प्रदर्शन

आरसीबी के लिए खेलते हुए यश दयाल ने साल 2025 में टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने उस सीजन 15 मैचों में 36.15 की औसत और 9.59 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट चटकाए थे। कानूनी मामलों की वजह से वह आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेल सके। हालांकि, इसके बाद भी टीम ने उन पर अपना भरोसा कायम रखा है। यश दयाल आरसीबी के अलावा गुजरात टाइटंस का भी हिस्सा रहे हैं। आईपीएल के 75 टी-20 मैच में उन्होंने 72 विकेट चटकाए हैं। वहीं, आरसीबी के लिए 43 मैच में उनके नाम 41 विकेट हैं।

## भारत-पाकिस्तान खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर एमसीसी बोला

**हम चाहते हैं खिलाड़ी हाथ मिलाएं, लेकिन ऊपर से निर्देश हों तो कुछ नहीं कर सकते**

दोहा।

एशिया राइजिंग कप के मैच में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाया। टॉस के दौरान दोनों कप्तानों ने भी एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया।

मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी बिना हाथ मिलाए अपने-अपने ड्रेसिंग रूम में लौट गए। इस मामले में क्रिकेट के नियमों की संरक्षक संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा कि वह खिलाड़ियों को हाथ मिलाते देखना चाहती है, लेकिन ऊपर से निर्देश मिलने पर कुछ नहीं कर सकती। एमसीसी के लॉज मैनेजर और क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट आईएलटी-20 के लिए संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद हैं।

### एमसीसी बोला- हमारे नियंत्रण से बाहर

आईएलटी-20 के पांचवें सीजन के लिए संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद एमसीसी के लॉज मैनेजर और क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट ने इस मामले पर कहा कि संस्था खिलाड़ियों के हाथ मिलाने का समर्थन करती है, लेकिन इस पर आने वाले निर्देश उसके नियंत्रण में नहीं हैं।

स्टीवर्ट ने कहा, अगर हाथ मिलाने को लेकर ऊपर से निर्देश आ रहे हैं, तो यह ऐसी चीज नहीं है जिसे एमसीसी नियंत्रित कर सके। हम खिलाड़ियों को हाथ मिलाते देखना चाहेंगे, लेकिन समझते हैं कि इसमें बड़े मुद्दे शामिल हैं। यह हमारे नियंत्रण से बाहर है।

### पिछले एशिया कप से जारी है हाथ नहीं मिलाने का सिलसिला

भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच हाथ नहीं मिलाने का यह पहला मामला नहीं है। पिछले साल दुबई में खेले गए एशिया कप के बाद से भारतीय क्रिकेट टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से परहेज करती रही हैं। हालांकि, अन्य खेलों में भारतीय टीमों का रुख अलग रहा है।

### पहलगाम हमले के बाद क्रिकेट में हाथ नहीं मिलाने की शुरुआत

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव बढ़ा और मई में ऑपरेशन सिंदूर हुआ। सितंबर 2025 में एशिया कप में दोनों टीमों के पहली बार आमने-सामने आने पर भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि टीम पहलगाम हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ है।

## युवराज सिंह के पिता योगराज पर फूटा पृथ्वी शॉ का गुस्सा, कानूनी कार्रवाई करने की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** पृथ्वी शॉ ने युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह को उनके निजी जीवन पर टिप्पणी करने के लिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। शॉ ने कहा कि वह अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली नकारात्मकता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

भारतीय टीम के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। पृथ्वी का कहना है कि उनकी प्रतिष्ठा को अगर कोई नुकसान पहुंचाता है, तो वे उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। योगराज ने शॉ के निजी जीवन पर टिप्पणी की थी और उनके करियर में आए उतार को शराब और लड़कियों के साथ जोड़ा था।

गौरतलब है कि भारत को अपनी कप्तानी में 2018 में शॉ ने विश्व कप जिताया था। उन्हें भारत का भविष्य माना जाता था और इस खिलाड़ी ने टीम इंडिया के लिए 18 साल की उम्र में टेस्ट में पदार्पण कर लिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने पदार्पण पर शतक जड़ा। हालांकि, लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और टीम इंडिया से बाहर हो गए। उनके निजी जीवन में भी कई तरह के विवाद देखने को मिले, जिसके बाद योगराज ने उनकी तुलना विनोद कांबली से की थी।

### योगराज सिंह ने पृथ्वी शॉ पर की थी टिप्पणी

योगराज ने स्पोर्ट्स लॉन्चपैड पर बात करते हुए शॉ पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, शॉ की हालत क्यों खराब हुई? उनसे पहले विनोद कांबली के साथ भी ऐसा हुआ। पार्टी, लड़कियों के साथ संबंध, सिगरेट और शराब पीने की वजह से ऐसा हुआ था। मैंने एक बार कांबली से पूछा था कि बेटा तुम क्या हो? तुम्हारे अंदर बहुत प्रतिभा है। वे 2:30 बजे कमरे में आ रहे थे और अगले दिन कर्टनी वॉल्श ने गेंदबाजी की और वे आउट हो गए। उसके बाद वह लड़की भी उन्हें छोड़कर चली गई।



संक्षिप्त समाचार

## आपसी लेन-देन के विवाद को नहीं बता सकते साइबर फ्रॉड, 30 लाख के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने साफ किया है कि जान-पहचान के लोगों के बीच आपसी सहमति से हुए लेन-देन के निजी विवाद को साइबर फ्रॉड का नाम नहीं दिया जा सकता और न ही साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम का इस्तेमाल करके पैसा वापस पाया जा सकता है।

कोर्ट ने 30 लाख रुपये के ट्रांसफर से जुड़ी साइबर शिकायत के मामले में एक पिता और बेटे के दो फ्रीज बैंक खातों को डी-फ्रीज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी ने खुद माना है कि यह साइबर फ्रॉड के दायरे में नहीं आता और रकम खाताधारक या उसके परिवार ने खुद बैंकिंग चैनल से भेजी थी। यह विवाद जुलाई 2013 के एक प्रॉपर्टी सौदे से जुड़ा है। पिता ने करोल बाग में एक प्रॉपर्टी की तीसरी मंजिल की छत और टेरेस के अधिकार के साथ 60 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था और कंपनी को 30 लाख रुपये बयाना दिया था। कंपनी ने सेल डीड नहीं की तो पिता ने 2016 में सिविल मुकदमा दायर किया।

## दिल्ली में अगले 6 दिन खतरनाक, बेहद खराब श्रेणी में पहुंचेगी हवा! बच्चों-बुजुर्गों के लिए जरूरी सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की हवा पिछले 7 दिनों से खराब श्रेणी में बनी हुई है, लेकिन अगले सप्ताह फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 265 यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। प्रदूषण के लिए सबसे प्रमुख कारण वाहनों से होने वाला उत्सर्जन है। पिछले तीन दिनों से शहर की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार है। 19 नवंबर को एक्यूआई 280 से घटकर 20 नवंबर को 270 और शनिवार को 265 पर आ गया। वहीं, 56 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों में से, 32 खराब श्रेणी में, 16 बहुत खराब श्रेणी में और सात मध्यम श्रेणी में थे, जबकि एक संतोषजनक श्रेणी में था। दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) की हवा सबसे अधिक रही। यहां का एक्यूआई 362 दर्ज हुआ। दिल्ली छावनी क्षेत्र में एक्यूआई 80 रहा।

वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के वास्तविक समय के स्रोत निर्धारण अनुमानों के अनुसार, शनिवार को दिल्ली की पीएम2.5 सांद्रता में सबसे बड़ा हिस्सा वाहनों का उत्सर्जन लगभग 33.1 प्रतिशत था।

## एचआईवी की बात छिपाकर शादी की, अस्पताल की पर्ची से खुला राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र निवासी महिला ने पति और ससुरालियों पर एचआईवी संक्रमण की बात छिपाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनावनी निवासी महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग को शिकायत भेजी थी। महिला ने बताया कि वह नोएडा की एक रियल एस्टेट कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव थी। 17 जुलाई 2024 को दिल्ली के अशोक विहार निवासी युवक संपत्ति खरीदने के लिए कार्यालय आया था। युवक ने उनका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह कई बार मिलने आया और बताया कि वह तलाकशुदा है। साथ ही शादी का प्रस्ताव रखा। परिवार वालों की सहमति से 2024 मेंदोनों की शादी हुई। शादी के बाद पति उन्हें फरीदाबाद के सेक्टर-21डी स्थित मकान में ले गया। महिला का आरोप है कि यहां पति का व्यवहार बदल गया। वह आए दिन झगड़ा और मारपीट करने लगा। करीब छह माह पहले उन्हें पति की जेब से एक अस्पताल की पर्ची मिली। इसमें पति के एचआईवी संक्रमित होने के बारे में लिखा था। वह संबंधित अस्पताल में जाकर चिकित्सक से मिलीं तो इसकी पुष्टि हुई। बाद में पता चला कि पति की पहली पत्नी से तलाक भी एचआईवी संक्रमण के कारण हुआ था।

# डीडीए के फ्लैटों के लिए रजिस्ट्रेशन, हाउस टैक्स जमा करने की तारीख बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा खुशहाल परिवार आवास योजना को लेकर कुल 446 एमआईजी फ्लैटों के लिए खरीदार पंजीकरण व बुकिंग कर सकते हैं। इसमें लोकनायकपुरम में 133, जहांगीरपुरी में 17 और नरेला में 296 एमआईजी फ्लैटों के लिए खरीदार आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए डीडीए वेबसाइट पर जाएं।

**गोड्डा के लिए विशेष रेलगाड़ी चलेगी:** यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली के शकूर बस्ती से गोड्डा (झारखंड) स्टेशन के बीच विशेष ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 03459 गोड्डा से रोज 25 नवंबर तक सुबह 8 बजे चलकर अगली दोपहर 2.15 बजे शकूर बस्ती पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03460 रोज 26 नवंबर तक दोपहर 3.30 बजे चलकर अगली रात 10.30 बजे गोड्डा पहुंचेगी।

**त्रिवेणी थिएटर फेस्ट के लिए आवेदन का मौका:** त्रिवेणी कला संगम की ओर से आयोजित होने वाले चौथे त्रिवेणी थिएटर फेस्ट के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 24 नवंबर कर दी गई है। यह महोत्सव 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। इसमें दिल्ली-एनसीआर के थिएटर समूहों को अपनी प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा।

- **पुरानी दिल्ली की हवेली सांस्कृतिक केंद्र बनेगी:** पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक विरासत को नया स्वरूप देने की तैयारी है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) मिलकर खारी बावली और लाहौरी गेट के पास स्थित श्री नारायण हवेली को सांस्कृतिक केंद्र व संग्रहालय के रूप में विकसित करेंगे। इस परियोजना के तहत हवेली का विकास, संचालन और रखरखाव किया जाएगा।
- **बस टर्मिनल में कई सुविधाएं बढ़ेंगी:** नोएडा के सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन बस टर्मिनल को चमकाने का काम शुरू हो गया है। इसको नए आकार में बनाकर सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने यहां पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने, फसाड़ लाइटें लगाने समेत अन्य काम के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इन काम पर नौ करोड़ 45 लाख 51 हजार रुपये का खर्च आएगा। आने वाले समय में यहां से अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जाना प्रस्तावित है।
- **औषधि पार्क में प्राकृतिक चिकित्सा की सुविधा होगी:** नोएडा के सेक्टर-91 में बने औषधि पार्क में अब लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा का भी फायदा मिलेगा। प्राधिकरण ने अब इस पार्क में आयुर्वेदिक और नेचुरोपैथी चिकित्सा केंद्र खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी पार्क में सुबह और शाम मिलाकर करीब दो हजार से अधिक लोग पार्क में सैर के लिए आते हैं। चिकित्सा केंद्र शुरू होने के बाद ये लोग आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से अपना इलाज करा सकेंगे।

### नूंह में 25 जनवरी से शुरू होगी जनगणना

**नूंह।** नूंह जिले में जनगणना-2027 के तहत 25 जनवरी से 28 फरवरी तक घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि नागरिक 10 से 24 जनवरी तक ऑनलाइन स्व-गणना भी कर सकेंगे।

### छात्रों के लिए रोजगार मेला लगेगा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ व्यावसायिक शिक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थियों को रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। समग्र शिक्षा गुरुग्राम की ओर से 23 नवंबर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा। इसमें जिले के सरकारी स्कूलों से राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे (एनएसक्यूएफ) के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरा कर चुके विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

### हाउस टैक्स जमा करने की तारीख बढ़ी

**गाजियाबाद।** नगर निगम में हाउस टैक्स के बकायेदारों को राहत देने के लिए लागू ओटीएस की समयसीमा शासन ने एक माह और बढ़ा दी है। पहले योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तारीख 14 नवंबर थी जिसे बढ़ाकर 14 दिसंबर कर दिया है। वहीं, बकाया टैक्स जमा करने की अंतिम तारीख 15 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी है।

## दिल्ली के 154 एंट्री पॉइंट्स पर लागू होगा मल्टी लेन फ्री फ्लो, जाम से मिलेगी राहत; टोल पर रुकने का झंझट खत्म



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सीमाओं पर लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। राजधानी के 154 प्रवेश द्वारों पर मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) यानी बहु-लेन निर्बाध टोल वसूली प्रणाली लागू करने की तैयारी तेज हो गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से टोल प्लाजा पर लगने वाली वाहनों की लंबी कतारें खत्म होंगी और दिल्ली की सीमाओं पर यातायात सुचारु हो सकेगा। कई स्थानों पर इसका परीक्षण शुरू कर दिया गया है और परियोजना का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

**वाहनों को बूथ पर रुकने की जरूरत नहीं:** दरअसल, दिल्ली में प्रवेश करने वाले व्यावसायिक वाहनों को टोल चुकाने के लिए अक्सर बूथ पर रुकना पड़ता है। इससे सीमाओं पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसका असर यातायात के साथ पर्यावरण पर भी पड़ता है। वाहनों के लंबे समय तक खड़े रहने से ईंधन की खपत और प्रदूषण बढ़ता है।

इस समस्या के समाधान के लिए एनएचएआई लगातार नजर रख रहा है। टोल वसूली से जुड़ा यह मामला एनएचएआई सुप्रीम कोर्ट लेकर गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नई व्यवस्था लागू करने की दिशा में काम तेज किया है।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद इस पर जाम को लेकर लगातार अध्ययन किया जाएगा। एमएलएफएफ प्रणाली में वाहन चालकों को टोल चुकाने के लिए रुकने की जरूरत नहीं होगी। वाहनों पर लगे रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआइडी) टैग को सेंसर स्कैन करेंगे।

वहीं, विशेष कैमरों से नंबर प्लेट की तस्वीर लेकर वाहन का पंजीकरण नंबर दर्ज किया जाएगा।

## डीयू में चुनावी बिगुल, 4 फरवरी को ईसी और एसी की 28 सीटों पर होगा शिक्षकों का महामुकाबला




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में अब शिक्षकों के बीच प्रतिनिधित्व की लड़ाई विश्वविद्यालय की नीतियों और फैसलों तक पहुंचने वाली है। 4 फरवरी 2027 को होने वाले कार्यकारी परिषद (ईसी) और अकादमिक परिषद (एसी) के चुनाव में 28 शिक्षक प्रतिनिधि चुने जाएंगे। इन प्रतिनिधियों की भूमिका केवल शिक्षकों के मुद्दे उठाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे, अकादमिक नीतियों, पाठ्यक्रम और शैक्षणिक व्यवस्था से जुड़े फैसलों में भी महत्वपूर्ण होगी। वहीं, ऐसे में चुनाव को शिक्षक संगठनों के बीच प्रभाव और प्रतिनिधित्व की परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। इस चुनाव में सबसे अधिक नजर अकादमिक परिषद की 26 सीटों पर रहेगी। इसकी वजह यहां अलग-अलग वर्गों को दिया गया प्रतिनिधित्व है। विश्वविद्यालय ने कम से कम चार विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त व्यक्तियों, चार महिला शिक्षकों, मेडिकल साइंस फैकल्टी से एक शिक्षक और गैर-मेडिकल फैकल्टी के प्रोफेशनल कोर्स संचालित करने वाले विभागों से एक शिक्षक का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। इससे चुनाव में महिला शिक्षकों और विशेष संकायों की भूमिका भी अहम हो जाएगी।

दो प्रतिनिधियों का होगा चुनाव

वहीं, कार्यकारी परिषद में दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। इसके लिए प्रोफेशनल जूनियर और उससे ऊपर के रैंक के शिक्षक और लाइब्रेरी स्टाफ के कर्मचारी पात्र होंगे। हालांकि, फैकल्टी के डीन, कालेजों के प्रिंसिपल और प्राक्टर इस चुनाव के दायरे से बाहर रहेंगे।

विश्वविद्यालय ने चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी की है। दोनों निकायों की जिम्मेदारियां अलग-अलग हैं। एग्जीक्यूटिव काउंसिल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णयों में अहम भूमिका निभाती है, जबकि अकादमिक परिषद शैक्षणिक फैसलों की प्रमुख संस्था है।

## इंडोनेशिया की कैंडी फैक्टरी में भीषण आग

### तीन की मौत; 36 कर्मचारी लापता, अपनों की तलाश में भटक रहे परिजन

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बैंटन प्रांत में शनिवार को एक कैंडी फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 36 कर्मचारी गायब हैं। बचाव दल उनकी तलाश में जुटे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आग बैंटन प्रांत के सेरांग जिले में स्थित पीटी फोनुसा अगुंग मुलिया फैक्टरी में लगी। यह इलाका राजधानी जकार्ता के पास है। यह फैक्टरी मिल्किटा नाम के ब्रांड की कैंडी और स्नैक्स बनाती है। ये उत्पाद दूध से तैयार किए जाते हैं।

**कितने लोगों को बचाया गया?:** राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी ने एक बयान जारी किया। इसके मुताबिक, फैक्टरी से 15 लोगों को जिंदा बचाया गया है। इनमें चार घायल कर्मचारी भी शामिल हैं। वहीं, बचाव दल अब भी लापता 36 कर्मचारियों की तलाश कर रहे हैं। बैंटन खोज और बचाव एजेंसी के संचालन अधिकारी रिज्की द्वियांतो ने बताया कि फैक्टरी के कई हिस्सों में अब भी आग लगी हुई है। उन्होंने कहा, कई जगहों पर आग अब भी जल रही है। दमकलकर्मी आग बुझाने के साथ ही प्रभावित जगहों को ठंडा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के 12 घंटे से ज्यादा समय बाद भी दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे थे। सेरांग जिले और बैंटन प्रांत की दमकल टीमें फैक्टरी के अलग-अलग हिस्सों में आग बुझा रही थीं।

**आग के बाद फैक्टरी में कैसा था मंजर?:** टेलीविजन पर दिखाई गई तस्वीरों में तीन मंजिला फैक्टरी आग की लपटों से घिरी नजर आई। आसमान में काले धुएं का गुबार उठ रहा था। इससे आसपास रहने वाले लोगों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। आग से जली इमारत के फर्श पर मुड़ी हुई धातु के टुकड़े बिखरे पड़े थे। छत की लोहे की चादरें भी जलकर काली हो गई थीं। वहां अन्य मलबा भी फैला हुआ था।

## कैलिफोर्निया में बाढ़ और समुद्री लहरों का खतरा, अल नीनो और ऊंचे ज्वार से तटीय इलाकों पर संकट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रिकॉर्ड दर की बारिश, समुद्र की ऊंची उठती लहरों और कमजोर समुद्री तटबंधों ने खतरे की आशंका बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अल नीनो इफेक्ट और असामान्य रूप से ऊंचे समुद्री ज्वार के कारण इस सप्ताह राज्य के तटीय इलाकों में बाढ़, कटाव और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने गुरुवार तड़के कैलिफोर्निया के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को नए तूफानों को लेकर सतर्क किया। उन्होंने कहा, बारिश लाने वाला तूफानी सिस्टम बेहद सक्रिय है और एक घंटे में एक इंच (करीब 25.4 मिलीमीटर) से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इसी वजह से कई जगहों पर फ्लैश फ्लड आने की चेतावनी जारी की गई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, सुपर अल नीनो के प्रभाव से वायुमंडलीय नमी के एक शक्तिशाली प्रवाह के कारण बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में बाढ़ जैसे हालात बन गए। शहर में एक ही दिन में 2.64 इंच बारिश दर्ज की गई, जिसने इस तारीख के लिए सौ साल से भी पुराने बारिश के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बारिश के कारण कई इमारतों में पानी भर गया और बे एरिया के प्रमुख राजमार्गों पर वाहन पानी में फंस गए। बुधवार दोपहर तक 51 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की आपूर्ति भी बाधित हो गई।

अल नीनो एक ऐसा मौसमी पैटर्न है जिसमें उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इसके कारण कैलिफोर्निया में ज्यादा बारिश और तूफान आ सकते हैं। यह यूएस के पश्चिमी तट पर समुद्र के जलस्तर को कुछ समय के लिए बढ़ा सकता है, जिससे ऊंची लहरें और ज्वार-भाटा सामान्य से कहीं ज्यादा अंदर तक पहुंच सकते हैं।

# दो साल तक भारतीय बाजार से दूर रहे विदेशी निवेशकों की लौटी दिलचस्पी

## विदेशी निवेशकों ने लगाया 9.61 अरब डॉलर का दांव

**लंदन, वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बनता नजर आ रहा है। करीब दो साल तक भारतीय बाजार से दूरी बनाए रखने के बाद विदेशी निवेशकों ने नवंबर में रिकॉर्ड स्तर पर भारतीय शेयरों की खरीदारी की है। इसके पीछे कंपनियों की कमाई में सुधार, घरेलू खपत की मजबूती और वैश्विक आर्थिक दबावों में कमी को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में अब तक वैश्विक फंडों ने भारतीय शेयर बाजार में 9.61 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश किया है। यह नवंबर 2020 में बने पिछले मासिक रिकॉर्ड से भी अधिक है। इस साल कई महीनों तक लगातार बिकवाली करने वाले विदेशी निवेशकों के रुख में आया यह बदलाव भारतीय बाजार के लिए अहम माना जा रहा है।

**एआई सेक्टर से दूरी बना रहे निवेशक, भारत पर बढ़ा भरोसा:** दरअसल, वैश्विक टेक्नोलॉजी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई से जुड़ी कंपनियों के ऊंचे वैल्यूएशन और इस क्षेत्र में आई तेजी की स्थिरता पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में निवेशक अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए दूसरे बाजारों की ओर देख रहे हैं। भारत को इस बदलाव का संभावित फायदा मिलता दिखाई दे रहा है। एआई सेक्टर में अपेक्षाकृत कम निवेश और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के कारण भारतीय बाजार वैश्विक टेक्नोलॉजी शेयरों में गिरावट के मुकाबले एक वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में उभर रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, कंपनियों की बेहतर कमाई की उम्मीद और घरेलू खपत में मजबूती ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है।

**दिग्गज वित्तीय संस्थानों का भी बदला नजरिया:** भारतीय शेयर बाजार को लेकर कई बड़े



वैश्विक वित्तीय संस्थानों का रुख भी सकारात्मक हुआ है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, गोल्डमैन सैक्स, , सिटीग्रुप और एल्पाइन मैक्रो जैसे संस्थान इस महीने भारतीय इक्विटी को लेकर अधिक आशावादी नजर आए हैं। सिटीग्रुप के रणनीतिकार सुरेंद्र गोयल का अनुमान है कि दिसंबर 2027 के अंत तक ह्स्श्व निफ्टी 50 इंडेक्स 28,000 के स्तर तक पहुंच सकता है।

यह मौजूदा स्तर से 10 फीसदी से अधिक की संभावित बढ़त का संकेत देता है। वहीं, बैंक ऑफ अमेरिका के आकलन के अनुसार, सक्रिय लॉन्ग-ओनली फंड अभी भी भारतीय शेयरों में लगभग रिकॉर्ड अंडरवेट पोजीशन बनाए हुए हैं। इसका मतलब है कि उनके पोर्टफोलियो में भारतीय शेयरों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में निवेशकों का रुख और सकारात्मक होने पर आगे भी विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना बन सकती है।

**भारत के महंगे वैल्यूएशन पर भी उठ रहे सवाल:** हालांकि, भारतीय बाजार को लेकर सभी वैश्विक संस्थान एक जैसी राय नहीं रखते। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि एआई निवेश से दूरी बनाने वाले विदेशी निवेशकों के लिए भारत एक बेहतर विकल्प हो सकता है, जबकि कुछ इसे लेकर सतर्क हैं। इसके विपरीत, ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन का कहना है कि भारत को एआई कारोबार के खिलाफ एक सुरक्षित विकल्प मानना सही नहीं होगा। फर्म के मुताबिक, भारतीय बाजार का वैल्यूएशन दूसरे उभरते बाजारों की तुलना में काफी महंगा है। रिपोर्ट में भारत का फॉरवर्ड अर्निंग्स वैल्यूएशन 18.3 गुना बताया गया है, जबकि चीन का 10 गुना और ब्राजील का 7.7 गुना है।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

# राजस्थान अपडेट

— धरोहर, विकास और जनहित की खबर —

मंगलवार, 24 नवंबर, 2026 | Digital Edition | RJHIN/25/A4779



### राजस्थान फाउंडेशन की 14वीं कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित

# विदेश में 51 चैप्टर्स के जरिए प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ रहा राजस्थान

**मुख्य सचिव ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान फाउंडेशन प्रवासी राजस्थानियों और उनकी मातृभूमि के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने तथा राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने फाउंडेशन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के साथ स्थापित हो रहे मजबूत जुड़ाव की सराहना करते हुए इसे और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय में राजस्थान फाउंडेशन की 14वीं कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में फाउंडेशन की गतिविधियों, संगठनात्मक संरचना, देश-विदेश में संचालित चैप्टर्स,



प्रवासी राजस्थानियों से संवाद एवं सहभागिता बढ़ाने तथा आगामी प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम के सत्र रोचक, संवादपरक एवं ज्ञानवर्धक हों, जिससे प्रतिभागियों को सार्थक अनुभव प्राप्त हो। बैठक में आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन एवं विशिष्ट शासन सचिव, डोरा (DoRA) डॉ. मनीषा अरोड़ा ने पीपीटी के माध्यम से फाउंडेशन की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना एवं आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने जानकारी दी कि देश-विदेश में राजस्थान फाउंडेशन के कुल 51 चैप्टर्स है, जिनमे 25 डोमेस्टिक चैप्टर्स एवं 26 इंटरनेशनल चैप्टर्स शामिल है। उन्होंने बताया कि ये चैप्टर्स देश-विदेश के उन प्रमुख शहरों में स्थापित किए गए हैं, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं। ये चैप्टर्स प्रवासी राजस्थानियों के लिए सपोर्ट सेंटर के रूप में कार्य करते हुए उनके साथ निरंतर संपर्क, संवाद एवं समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज इन बॉक्स



### बॉलीवुड हस्तियों, उद्योग जगत के दिग्गजों को भायीं राजस्थानी कलाकृतियां

**माधुरी दीक्षित, कुमार मंगलम बिड़ला, किरण राव ने देखे आर्टवर्क, कलाकारों की अभिव्यक्ति को सराहा**

जयपुर(नि.सं.)। मुंबई के प्रतिष्ठित आर्ट फेयर 'आर्ट मुंबई 2026' में इस बार राजस्थान की कला पहचान ने खास उपस्थिति दर्ज कराई। जयपुर की आईसीए गैलरी ने द क्राइट्स कलेक्शन के साथ मिलकर 29 प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियों को राष्ट्रीय कला मंच पर प्रदर्शित किया। 'ए ट्री इज नेवर जस्ट ए ट्री' शीर्षक से सजी इस प्रस्तुति ने न सिर्फ कला प्रेमियों और संग्रहकर्ताओं का ध्यान खींचा, बल्कि फिल्म, उद्योग और कला जगत की कई जानी-मानी हस्तियों को भी अपने करीब बुलाया। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, फिल्म निर्माता किरण राव, उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला और अजय पीरामल सहित कई प्रतिष्ठित लोगों ने यहां पहुंचकर कलाकृतियों को निहारा। महालक्ष्मी रेसकोर्स में आयोजित इस कला मेले में राजस्थान से चयनित एकमात्र गैलरी के रूप में आईसीए गैलरी की भागीदारी जयपुर के कला परिदृश्य के लिहाज से महत्वपूर्ण रही। इस प्रस्तुति की खासियत केवल इसमें शामिल कलाकारों की संख्या नहीं थी।



### न्यूयार्क में निवर्तमान राजदूत बिनय के. प्रधान को दी विदाई

**लॉन्ग आइलैंड में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने राजदूत के कार्यकाल की सराहना की**

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (राना), बृहद न्यूयॉर्क सीनियर्स और जयपुर फुट यूएसए ने न्यूयॉर्क में भारत के निवर्तमान महावाणिज्य दूत राजदूत बिनय के. प्रधान के विदाई सम्मान में कार्यक्रम किया। लॉन्ग आइलैंड के पोर्ट वॉशिंगटन स्थित दीवान रेस्तरां में रविवार को हुए विदाई समारोह में टीम एड और एसोसिएशन ऑफ इंडियंस इन अमेरिका (एआईए) सहित एक दर्जन संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राजदूत बिनय के. प्रधान का लगभग तीन वर्ष का कार्यकाल इस सप्ताह समाप्त हो रहा है। राना के संरक्षक और एआईए के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता डॉ. नरिंदर कुकर ने स्वागत संबोधन दिया। वहीं बृहद न्यूयॉर्क सीनियर्स के अध्यक्ष अजय पटेल, टीम एड के संस्थापक मोहन नन्नापनेनी और राना के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने राजदूत प्रधान की सराहना की।



### वर्ल्ड सिंधी मेलो-2026

# सिंधी संस्कृति की आध्यात्मिक विरासत, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है दरिया पूजनः देवनानी

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीव में श्री सिंधी समाज (ऊना) द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिंधी मेला-2026 के अंतर्गत आईएनएस खुकरी मेमोरियल में आयोजित पूजा बेहराणा साहिब कार्यक्रम में



सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान के साथ दरिया पूजन कर भगवान झूलेलाल के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा सिंधी समाज की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल साहिब के समक्ष पारंपरिक छेज़ के साथ भक्ति संगीत एवं गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। श्री देवनानी ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं के साथ इस सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता की। भारत के विभिन्न क्षेत्रों तथा विदेशों से आए सिंधी समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों, संगीत और सामूहिक छेज़ ने आयोजन को विशिष्ट सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर समाज एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। देवनानी ने कहा कि भगवान झूलेलाल में सिंधी समाज की अटूट आस्था तथा दरिया पूजन की परंपरा उसकी सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक चेतना का अभिन्न अंग है। सिंधी समाज ने विस्थापन और अनेक ऐतिहासिक चुनौतियों के बावजूद अपनी भाषा, संस्कृति, संस्कारों और धार्मिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखा है। विश्वभर में फैला सिंधी समाज अपनी उद्यमशीलता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से भारतीय सभ्यता की विशिष्ट पहचान को प्रतिष्ठित कर रहा है।

### कानोड़िया कॉलेज

# तकनीकी एवं AI के दौर में अध्ययन-अध्यापन की बदलती चुनौतियों पर कार्यशाला



जयपुर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर एवं सोशल साइंस रिसर्च एंड एकेडमिक नेटवर्क, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 नवंबर 2026 को 'तकनीकी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वर्तमान परिदृश्य में अध्ययन-अध्यापनः अपेक्षाएँ, आवश्यकताएँ और चुनौतियाँ' विषय पर एक दिवसीय मंथन एवं विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि तकनीकी विकास एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव ने शिक्षा के स्वरूप, शिक्षण पद्धतियों तथा शिक्षक की भूमिका में व्यापक परिवर्तन किए हैं। ऐसे में शिक्षा जगत की बदलती अपेक्षाओं, आवश्यकताओं एवं चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं विषय विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की लगभग 35 छात्राओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।



### अलवर में पुलिस ने 33 लाख के मोबाइल-फोन लौटाए

**किसी के खोए तो किसी के छीन लिए गए थे ; एसपी ने कहा - CEIR पोर्टल पर दर्ज करें शिकायत**

अलवर (वि.सं.)। अलवर पुलिस ने सोमवार को करीब 33 लाख रुपए कीमत के 116 गुमशुदा मोबाइल फोन असली मालिकों तक पहुंचाए। जिनमें से किसी का मोबाइल कोचिंग से आते समय छीन लिया गया था। किसी का जेब से गिर गया था। जब फोन वास्तविक मालिकों को लौटाए तो उनके चेहरों पर खुशी लौट आई। अलवर स्क्क ने बताया कि पिछले 1 साल में जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए, उनको रिकवर किया गया है। अलवर के एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि एएसपी डॉ. दीपक कुमार और एएसपी डॉ. प्रियंका के निर्देशन में यह विशेष अभियान चलाया गया।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# जयपुर जिले में उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ,नौनिहालों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की'

- जिला कलक्टर संदेश नायक ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया अभियान का आगाज
- तीन दिवसीय अभियान के तहत बूथ दिवस के बाद घर-घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

जयपुर(नि.सं.)। उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने जेएलएन मार्ग स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरदार पटेल पर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक मिलाकर तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया ।जिला कलेक्टर ने बताया कि जयपुर प्रथम एवं जयपुर द्वितीय में निर्धारित भूतों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन जयपुर प्रथम में बूथ दिवस पर 148366 वहीं जयपुर द्वितीय में 192761 बच्चों को प्रतिरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि बूथ दिवस के बाद आगामी दो दिनों में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों एएनएम आशा सहयोगिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के जिले के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक घर-घर जाकर पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे उनके 0 से 5 वर्ष तक के सही बच्चों को पोलियो की



खुराक अवश्य पिलाएं ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे । उन्होंने बताया कि जयपुर प्रथम में अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए 790 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं इसके अतिरिक्त 140 यूनिट ट्रांजिट एवं 170 मोबाइल टीमें भी तैनात की गई है वही जयपुर द्वितीय में 816 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए इसके साथ ही 153 ट्रांजिट एवं 635 मोबाइल टीमें भी नियुक्त की गई है।

जिला कलक्टर ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।



### थाने से लौट रही महिला,दो बच्चों को ट्रेलर ने कुचला,मौत

**पति की शिकायत देने गई थी, जयपुर-दिल्ली हाईवे पर सड़क क्रॉस कर रही थी**

नीमराना(वि.सं.)। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दिल्ली-जयपुर हाईवे क्रॉस कर रही महिला और उसके दो बच्चों को ट्रेलर ने कुचल दिया। तीनों की मौके पर मौत हो गई। हादसा नीमराना थाने से करीब 150 मीटर दूर हीरो चौक के पास सोमवार सुबह 10ः30 बजे हुआ। नीमराना थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया- हादसे में दुघेड़ा गांव निवासी कविता देवी (30) पत्नी महेंद्र यादव और उनके बेटे कार्तिक (5) और भीम (3) की मौत हुई है। कविता का पति से किसी बात पर झगड़ा हुआ था। परेशान होकर वह सोमवार सुबह पति की शिकायत देने नीमराना थाने पहुंची थी। थाने से निकलने के बाद वह दोनों बच्चों के साथ गांव लौटने के लिए हाईवे क्रॉस कर रही थी। तभी ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

स्वामी और प्रकाशक बुधमती गोस्वामी एवं मुद्रक ताराचंद कुमावत द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, 10 MA, आईजी नगर, जगतपुरा,जयपुर, राजस्थान - 302017 से प्रकाशित किया। प्रधान संपादकः बुधमती गोस्वामी एवं संपादकः रमाकान्त गोस्वामी, उप संपादक - मोनिका शर्मा, पीआरजीआई नं. RJHIN/25/A 4779 ब्रांच ऑफिसः 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल आईडीः editor.the uncoveredupdate@gmail.com, वेबसाइटः www.theuncoveredupdate.com (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी. आर. पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।